हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 22 मई 2024

तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 27.1 डिग्री



## कम नंबर मिलने पर खुदकुशी की आशंका

घटना विधानसभा थाने के ग्राम सकरी की है। गांव के उपसरपंच संतराम नारंग ने पुलिस को जानकारी दी, जिसके अनुसार 17 वर्षीय वसुंधरा बारले के पिता केवल दास बारले किराना और कपड़ा व्यवसायी हैं। उनकी गांव में ही दुकान है। मृत छात्रा के परिवार के सभी सदस्य शिक्षित हैं। वसुंधरा 12वीं की छात्रा थी और पढ़ाई में काफी तेज थी। इस बार वसुंधरा ने 12वीं बोर्ड परीक्षा दी थी। परीक्षा में वसुंधरा ने 63% अंक प्राप्त किए थे। उसे हमेशा 80 प्रतिशत से अधिक अंक मिलते थे, लेकिन इस बार कम नंबर मिलने से वह गुमसुम रहने लगी थी। पुलिस ने आशंका जताई है कि छात्रा ने बोर्ड परीक्षा में कम नंबर आने की वजह से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

# मानसिक तनाव हो रहा आत्मघाती, दो दिन में दो छात्रों ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

असफलता अथवा मनमाफिक कार्य पूर्ण नहीं होने पर डिप्रेशन में आकर आत्मघाती कदम उठाने वालों की संख्या बढ़ने लगी है। इसी तनाव की वजह से पिछले दो दिनों में बारहवीं की छात्रा और चिकित्सा छात्र ने आत्महत्या कर ली। विशेषज्ञों का मानना है कि बदलते समय में लोग ओवरथिंकिंग का शिकार हो रहे हैं और सहनशक्ति कम होने की वजह से इस तरह के आत्मघाती कदम उठा रहे हैं।

मंगलवार को फेल होने की वजह से डिप्रेशन में रहने वाले एम्स के एमबीबीएस पीजी इंटर्न के 25 वर्षीय छात्र रंजीत भुयान ने दवा का ओवरडोज लेकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह पीजी हास्टल के कमरे में साथियों ने उसे मृत अवस्था में पाया। वह ओडिशा भुवनेश्वर का रहने वाला था और यहां हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। सुबह नौ बजे तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसके दोस्तों का ध्यान उसकी तरफ गया। कमरे का दरवाजा खुला था, जिसकी वजह से साथियों को संदेह हुआ और छात्र जब भीतर दाखिल हुए तो रंजीत बेसुध पड़ा था। उसने इंजेक्शन के माध्यम से दवा का ओवरडोज ले लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि फेल होने पर रंजीत तनाव में रहता था और एम्स में ही उसका इलाज चल रहा था। आमानाका पुलिस ने सूचना पर मर्ग ▶▶ शेष पेज 13 पर

अलग खबर

### बातें शेयर कर कम कर सकते हैं तनाव

मनोचिकित्सक डॉ. अनिता के मुताबिक लोगों में प्रेशर बहुत है और थोड़ी सी असफलता उन पर नकारात्मक प्रभाव डालने लगती है। व्यक्ति को जब ऐसा महसूस होता है, तो उन्हें अपनी समस्या दूसरे से शेयर कर उसका समाधान खोजना चाहिए। तनाव में रहने वाला व्यक्ति अलग नजर आता है, इसलिए परिवार और साथियों को भी उसके मनोभाव को पढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं को नजरअंदाज करने की आदत डालनी चाहिए। मन को एकाग्रचित करने के लिए मेडिटेशन को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

### 12वीं की छात्रा और चिकित्सा छात्र ने किया सुसाइड



■ विशेषज्ञों का मानना- बदलते समय में हो रहे ओवरथिंकिंग के शिकार, इससे बचना जरूरी

### परिवार वाले अपनी इच्छा न थोपें

मनोविशेषज्ञ डॉ. डीएस परिहार का कहना है कि बच्चों पर माता-पिता अपनी इच्छा थोपने की कोशिश न करें। बच्चों को क्या पसंद है, इस पर ध्यान देना आवश्यक है। अगर उनके स्वभाव में किसी तरह का बदलाव नजर आ रहा है तो इस बारे में उनसे बातचीत करें और समस्या का समाधान निकालें। बच्चों को अकेला छोड़ने के बजाय उनके साथ वक्त बिताएं और उनकी पसंद-नापसंद को समझें। किसी भी काम में असफल होने से घबराकर गलत कदम उठाने के बजाय सफलता हासिल करने का प्रयास करें।

## भूल सुधार

दिनांक 14 व 15 मई, 2024 हरिभूमि बिलासपुर में पैरामेडिकल कोर्स में आवेदन से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित हुआ था, जिसमें 1 लाइन त्रुटिवश छूट गई थी जिसे नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) सुधार कर पढ़ा जाए।

## खबर संक्षेप

### फर्जी दस्तावेज से 16 लाख में बेच दिया ट्रक

**रायपुर।** ट्रक का फर्जी दस्तावेज तैयार कर 16 लाख रुपए में बेचने के मामले में कबीरनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्रार्थी आनंद गुजरात महाराष्ट्रा ट्रांसपोर्ट का संचालक है। जून 2022 में अपना व्यवसाय को बढ़ाने के लिए उसने पचपेड़ी नाका स्थित जैन आटो एवं फायनेंस का काम करने वाले नवनीत जैन और उसके परिचित बिजेंद्र शुक्ला के कहने पर टाटीबंध स्थित एक यार्ड से प्रतीक रमेश महाशय से पुराना ट्रक खरीदा, जिसका सौदा 15 लाख 51 हजार में हुआ था। आरोपियों ने मिलकर आनंद को चोलामंडलम फायनेंस कंपनी से 16 लाख रुपए का लोन फायनेंस भी कराया। इस बीच जब लोन की किस्त पटाने के लिए आनंद ने वाहन के दस्तावेजों का सत्यापन कराना चाहा, तब पता चला कि सारे दस्तावेज फर्जी हैं।

### महिला से मारपीट कर आरोपी फरार, धरा गया

**रायपुर।** महिला से मारपीट करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की है।



आरोपी महेंद्र ढीमर निवासी कोटा ने एक महिला के साथ मारपीट की थी। उसके खिलाफ पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को 21 मई को सूचना मिली कि आरोपी कोटा क्षेत्र में घूम रहा है, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 323, 506 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### धान चोरी कर बेचने के मामले में तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** धान चोरी कर बेचने के मामले में गोबरा नवापारा पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी संतू साहू, राहुल एवं



हरविंदर सिंह हैं। तीनों के विरुद्ध थाने में धारा 381, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। आरोपियों ने धान चोरी कर बेच दिया था। पतासाजी के दौरान 21 मई को आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी धान बिक्री के 10 हजार रुपए एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक जब्त किया है। सभी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### दो सूने मकानों में धावा 58 हजार की चोरी

**रायपुर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो सूने मकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 58 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पहली घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र स्थित सत्यम विहार कॉलोनी की है। प्रार्थी घनश्याम कुमार ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### अनुपमनगर, खम्हारडीह, पार्वती नगर, वृंदावन कालोनी, भवानी नगर, बंजरपारा में टैंकर से पानी की आपूर्ति

# चिलचिलाती धूप में पानी के लिए मारामारी बोरवेल सूखे, टैंकर भरोसे दर्जनों बस्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में गर्मी तेज होते ही रिहाइशी इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है। पार्वती नगर में जहां एक साथ 4 बोरवेल सूखने से लोग पानी के लिए तरस गये हैं, वहीं खम्हारडीह के एकता चौक का बोर सूखने के बाद किराये के पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति कराने की नौबत आई है। लभांडी, फुंडहर, ब्रम्हदेवनगर, चंडीनगर, अशोक नगर, दलदल सिवनी के बैरागी बीएसयूपी कालोनी, द्वारिका विहार, मोतीलाल नेहरू वार्ड के भवानीनगर और बंजरपारा बस्ती में बोरवेल सूखने से चिलचिलाती धूप में लोगों को पानी के लिए टैंकर का इंतजार करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर इस समय शहरभर में 35 पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने की नौबत आई है।

रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में 500 करोड़ रुपये अलग-अलग योजनाओं में खर्च करने के बाद भी शहर टैंकर मुक्त नहीं हो पाया है। अमृत मिशन के तहत शहर के 42 वार्डों में नई पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन कर पानी पहुंचाने का इंतजाम किया गया, वहीं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत 15 वार्डों में मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 24 घंटे भरपूर पीने का पानी पहुंचाने पाइप लाइन बिछाई। स्वचालित वाटर मीटर और पानी की खपत जांचने स्काडा सिस्टम पर काम किया गया। इसके बाद भी गर्मी में शहर के कई वार्ड टैंकर भरोसे हैं।

हरिभूमि सरोकार

### जल संकट प्रभावित इलाके में रोज दौड़ रहे 35 पानी टैंकर, जोन 9 के वार्ड में सबसे ज्यादा दिक्कत



### पानी टैंकर की आपूर्ति पर एक नजर

- शहर में इस समय चल रहे 35 पानी टैंकर
- 15 पानी टैंकर किराये के, 20 पानी टैंकर विभागीय
- जोन 9 में किराये के सबसे ज्यादा 5 पानी टैंकर
- जोन 1 के भनपुरी की 3 बस्तियों में 12 महीना किराये के पानी टैंकर से आपूर्ति

### सप्ताहभर में दूर होगी लो प्रेशर की समस्या

अमृत मिशन के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर लो प्रेशर वाले वार्डों में पानी का प्रेशर बनाने कार्य किया जा रहा है। सप्ताहभर में संबंधित वार्डों में समस्या दूर कर दी जायेगी। जल संकट प्रभावित इलाकों में जरूरत के हिसाब से पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति की जा रही है।

- नरसिंग फरेन्द्र
कार्यपालन अभियंता, जल, नगर निगम रायपुर

### नलों की धार पतली, बोरवेल ने छोड़ा साथ

- गुरु गोविंद सिंह वार्ड : शीतला कालोनी, बेहरा कालोनी, ताजनगर, मयूर क्लब, भूतेश्वर मंदिर के पास
- बालगंगाधर तिलक वार्ड : अशोकनगर बस्ती, 2 बोरवेल सूख गये पानी की भारी किल्लत रोज 3 ट्रिप पानी की खपत
- ब्राम्हणपारा वार्ड : सोहागा मंदिर गली, हनुमान गुड़ी, सरस्वती स्कूल के पीछे का एरिया, यादव पारा, कंकाली तालाब ऊपर का हिस्सा
- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड : कविता नगर, दुर्गा विहार, अक्षत विहार
- सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड : रामनगर शीतला पारा, गोपाल नगर गली नंबर
- शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड : बृजनगर, भैरवनगर, गोकुल नगर
- शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड : सुदामानगर बस्ती 6 महीने पहले नया बोर कराया, बोर खराब, साहूपारा मोहल्ला-बोर सूख गया
- टिकरापारा आरडीए कालोनी, शीतला मंदिर पारा में पानी की समस्या

# मेडिकल कॉलेज में खामियां एनएमसी ने दी एमबीबीएस सीटें घटाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आधी-अधूरी जानकारी देने और खामियों को पूरा नहीं किए जाने को लेकर मेडिकल कमीशन ने नाराजगी जताई है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने पं.जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को नोटिस देते हुए पूछा है कि क्यों ना उसकी एमबीबीएस सीटों में अगले सत्र से कटौती कर दी जाए? गौरतलब है कि चिकित्सा शिक्षा संबंधित नियमों के अनुसार, सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए वार्षिक रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य है। मेडिकल कॉलेज या चिकित्सा संस्थान को संबंधित बोर्ड को निर्धारित मोड में जानकारी प्रस्तुत करनी होती है। मेडिकल कॉलेज द्वारा इसे गंभीरता से ना लेते हुए आधी-अधूरी जानकारी ही नेशनल कमीशन को पेश की गई।

- नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा भेजा गया कारण बताओ नोटिस
- नहीं कराई गई परीक्षा की वीडियोग्राफी, पोस्टमार्टम संबंधित जानकारी भी गायब

इसके अतिरिक्त जो जानकारी दी गई है, उसमें भी कई तरह की खामियां पाई गई है। एमबीबीएस के प्रत्येक वर्ष की वार्षिक परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग पेश करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन महाविद्यालय ▶▶ शेष पेज 13 पर



### 20 में से 19 विभागों में शिक्षकों की कमी

मेडिकल कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट का मूल्यांकन करने वाले विशेषज्ञों ने कई कमियों का जिक्र अपनी रिपोर्ट में किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 20 में से 19 विभागों में प्राध्यापकों की कमी है। इसके अलावा शव संबंधी जानकारी गायब। फॉर्म-सी संबंधित जानकारी भी नहीं दी गई है। अपर्याप्त ओपीडी उपस्थिति का भी उल्लेख रिपोर्ट में है। उपलब्ध बिस्तर संबंधित जानकारी को गलत पाया गया है। अपर्याप्त साइटोपैथोलॉजी एवं हिस्टोपैथोलॉजी तथा सर्जरी और ऑर्थो के कम मामलों को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की गई है।

### एक करोड़ का जुर्माना कल होगी सुनवाई

नोटिस के अनुसार, चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रति उल्लंघन या चूक के कार्य के लिए एक करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना और विभिन्न अन्य कठोर कार्रवाई निर्धारित की गई है। कॉलेज को अब तीन दिन के भीतर कारण बताने का निर्देश देते हुए कहा गया है कि क्यों न वर्ष 2024-2025 के लिए एमबीबीएस की सीटें कम की जाएं या नियमों के मुताबिक आर्थिक दंड लगाया जाए। 23 मई को वर्चुअल मोड में होने वाली मीटिंग में इसे लेकर फैसला सुनाया जाएगा।

# बिना अनुमति ड्रिलिंग पर जांच कमेटी ने मांगा सीधा जवाब, आरपीएफ को नहीं मिले ठेका कंपनी से जुड़े दस्तावेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शालीमार एक्सप्रेस में हुए हादसे को रेलवे बोर्ड ने एसएजी जांच के निर्देश दिए जाने के बाद आरपीएफ के अधिकारियों को जोन तलब किया है। सोमवार और मंगलवार को बंद कमरे में उच्च स्तरीय जांच की बैठक हुई, जिसमें सबसे बड़ा सवाल जांच कमेटी का यही था कि बिना अनुमति और जानकारी के रेलवे की संपत्ति में कोई बाहरी एजेंसी कैसे काम कर रही थी? आरपीएफ ने एफआईआर भी इसी आधार पर दर्ज की है। रेलवे क्षेत्र में अनाधिकृत प्रवेश और कार्य होने की जानकारी कैसे रेलवे और आरपीएफ को नहीं थी? अभी तक इस पूरे मामले में मध्यप्रदेश निवासी दो ठेका कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। रेलवे को नहीं पता कि इन ठेका कर्मियों को किसने काम पर लगाया था, हालांकि पावर कंपनी के अनुसार रेलवे को बस पता है। इसका ▶▶ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### बैठक में जांच के बिन्दु भी तय

सोमवार को जोन मुख्यालय ने मंडल के तकनीकी और सुरक्षा अधिकारियों को बिलासपुर तलब किया और अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की लिखित जानकारी ली। मंगलवार को जांच के बिन्दु भी तय किए गए हैं। मंडल के अफसरों ने रेलवे की संपत्ति में चल रहा काम, पता किसी को नहीं? बगैर सूचना या अनुमति के बाहरी एजेंसी द्वारा ड्रिलिंग की जानकारी दी। इसे जोन मुख्यालय गंभीर मान रहा है, क्योंकि रेलवे क्षेत्र में पटरी के नीचे खुदाई जैसा संवेदनशील कार्य हुआ और सुरक्षा से जुड़े ▶▶ शेष पेज 13 पर

### बैठक चल रही

बिलासपुर में बंद कमरे में अफसरों की बैठक चल रही है। हादसे के बाद पूरे मामले की जांच चालू है। इसके अलावा अधिक जानकारी नहीं है।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी,
सीनियर डीसीएम
रायपुर मंडल

### अब पूछताछ के बाद होगा खुलासा

आरपीएफ ने धारा 153, 174145 रेलवे एक्ट के तहत केबल ड्रिल मशीन ऑपरेटर व हेल्पर राज गोंडा पिता तुला गोंडा 18 वर्ष और कैलाश पटेल पिता जवाहर पटेल 27 वर्ष दोनों निवासी दमोह मप्र को गिरफ्तार किया है। इनसे पूछताछ करके पता चलेगा, किस एजेंसी और ठेकेदार ने उन्हें ड्रिल करने लगाया था। हालांकि पावर कंपनी यानी सीएसपीडीएल ने केबल खुदाई का ठेका संभवतः बिलासपुर की एक कंपनी को दिया है।

# मानसून के मेंटेनेंस के लिए रोज सौ फीडरों की घंटों बिजली गुल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में अगले माह से मानसून आ जाएगा। इस सीजन में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए भरी गर्मी में फीडरों के मेंटेनेंस का लगातार काम चल रहा है। रोज करीब सौ फीडरों की छह से सात घंटों तक बिजली गुल हो रही है। इससे उपभोक्ता लगातार परेशान हो रहे हैं। प्रदेश में छह हजार फीडर होने के कारण करीब दो माह तक काम चलता है। पॉवर कंपनी के अधिकारी कहते हैं, अगर फीडरों का मेंटेनेंस नहीं किया जाएगा तो मानसून में बिजली गुल होने से ▶▶ शेष पेज 13 पर

- प्रदेश के छह हजार फीडरों को ठीक करने में लग जाते हैं दो माह

### 6 से 7 घंटे बिजली गुल

मेंटेनेंस का काम रोज करीब सौ फीडरों में करना पड़ता है। इससे कम फीडरों में काम करने से दो माह से ज्यादा लग जाएंगे। करीब दो माह का लक्ष्य लेकर ही काम किया जाता है। गर्मी होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर सुबह 8 या 9 बजे से 6 से 7 घंटे तक बिजली बंद की जाती है। मंगलवार को ही राजधानी के आसपास में समोदा, तामासिवनी एवं सेजबहार के 45 फीडरों का मेंटेनेंस कार्य किया गया। इसके लिए सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक यानी सात घंटे बिजली बंद की गई। इसी तरह से प्रदेश के अन्य फीडरों में भी काम हो रहा है। यह काम मानसून के पहले तक चलेगा। बिजली बंद होने की सूचना उपभोक्ताओं को बकायदा अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से और उनके पंजीकृत मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से दी जाती है।

# कवर्धा एक्सीडेंट: ड्रायवर की लापरवाही जिम्मेदार लीड एजेंसी की रिपोर्ट जाएगी सरकार के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कवर्धा जिले में एक दिन पहले हुए भीषण रोड एक्सीडेंट मामले की जांच पुलिस मुख्यालय की अंतर्विभागीय लीड एजेंसी ने घटना स्थल पर जाकर की है। जांच दल ने पाया है कि ये दुर्घटना पूरी तरह से पिकप वैन के ड्रायवर की लापरवाही से हुई है। इस हादसे में दो पुरुषों समेत 19 लोगों की मौत हुई थी। मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए ड्रायवर का लाइसेंस निरस्त करने की अनुशंसा के साथ कहा गया है कि यह ड्रायवर गाड़ी चलाने के लिए अनउपयुक्त है। उसके खिलाफ गैर इरादन हत्या का मामला भी दर्ज किया गया है।

अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के प्रमुख पुलिस मुख्यालय के एआईजी संजय शर्मा ने कहा है कि घटना स्थल पर जांच का काम पूरा कर लिया गया है। अब जल्द ही पूरे मामले की रिपोर्ट सरकार को दी जाएगी। जांच दल के सदस्यों ने घायलों से भी मुलाकात कर उनके बयान लिए हैं। दो घायल अस्पताल में हैं, बाकी को मामूली चोटें हैं और वे खतरे से बाहर हैं।

- पहाड़ी पर गाड़ी न्यूट्रल हुई तो स्पीड और बढ़ गई थी
- माल गाड़ी में ओवर लोड सवारी, तेंदूपत्ता भी रखा था



### आपस में चंदा कर गाड़ी ली थी किराए पर

ग्रामीण आदिवासियों ने तेंदुपत्ता तोड़ाई के लिए जाने के लिए आपस में चंदा करके चार-पांच दिन के लिए गाड़ी किराए पर ली थी। ये लोग सुबह करीब पांच बजे गाड़ी से निकले थे। करीब साढ़े छह बजे ये लोग जंगल पहुंचे और वहां से तेंदुपत्ता तोड़ने के बाद दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वापस लौट रहे थे। रास्ते में एक मोड़ के पास ड्रायवर के पैर की स्लीपर एक्सीलीटर में फंस गई थी। इसी दौरान ड्रायवर ने ब्रेक मारा, हल्का सा ब्रेक लगा भी। लेकिन इसी बीच गाड़ी न्यूट्रल हो गई। इस समय गाड़ी पहाड़ पर चल रही थी। गाड़ी न्यूट्रल होते ही नियंत्रण से बाहर हो गई, पहाड़ी सड़क की ▶▶ शेष पेज 13 पर

### हादसे के नकारात्मक पहलू

जांच दल के मुताबिक इस हादसे के नकारात्मक पहलू सामने आए हैं। पहली बात ये कि गाड़ी मालवाहक थी, लेकिन इस पर बड़ी संख्या में यात्री बैठाए गए थे। बैठने वालों की संख्या गाड़ी की क्षमता से अधिक थी। यही नहीं, यात्रियों ने जो तेंदूपत्ता तोड़ा था, उसे भी गाड़ी में ही रखा गया था, लेकिन गाड़ी की फिटनेस वैलिड थी। बीमा भी था और ड्रायवर का लाइसेंस भी वैध था।

# कस्टम मिलिंग घोटाला: रोशन की रिमांड अवधि 6 दिन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में फंसे राइस मिलर्स एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को मंगलवार को विशेष कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान ईडी की मांग पर कोर्ट ने चंद्राकर की रिमांड अवधि 6 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब उन्हें 27 मई को पेश किया जाएगा। कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में ईडी ने राइस मिलर्स एसोएसिशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था। रिमांड का 21 मई को आखिरी दिन था। ईडी ने विशेष न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश करते हुए कोर्ट से पुनः रिमांड की ▶▶ शेष पेज 13 पर



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### झेरिया यादव समाज की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

**सिलयारी।** झेरिया यादव समाज सिलयारी, पथरीगढ़ रायपुर जिला परिक्षेत्र की बैठक में भेंट मुलाकात एवं संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष रामलाल यादव, परिक्षेत्र के अध्यक्ष सहदेव यादव, सचिव अर्जुन यादव, शेखर यादव राजू यादव पंचु यादव बाबा यादव, राजेंद्र यादव, दववा यादव, मनोज यादव, बबलू यादव और आसपास के सभी पदाधिकारी सहित सिलयारी के यादव भाई सामिल थे। सभी पदाधिकारी अपनी बात रख कर समाज को मजबूत संगठन एवं समाज को आगे बढ़ाने की बात कही गई।

### राधिका ने भेजा नोटिस का जवाब, कहा- सुशील के दावे गलत

**रायपुर।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने नोटिस का जवाब दिया है। उन्होंने कई तथ्यों के खुलासे किए हैं। कोरबा के रिसॉर्ट में क्या हुआ उनके साथ, ये भी नोटिस के जवाब में लिखा गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता सुशील आनंद शुक्ला से आपसी विवाद के बाद राधिका ने सुशील पर कई आरोप लगाए। विवाद बढ़ा तो सुशील ने मानहानि का नोटिस भेजा था, जिसका जवाब राधिका ने दिया है। उन्होंने सुशील के दावों को गलत बताकर तीन दिन में माफी मांगने की बात कही है। राधिका खेड़ा के वकील हरिंदर सिंह की ओर से भेजे गए जवाब में बताया गया है कि राधिका खेड़ा को 1 फरवरी 2024 के दिन जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही थी, तब कोरबा के जश्न रिसॉर्ट में रात में सुशील आनंद शुक्ला और धनंजय सिंह ठाकुर ने राधिका को कई बार अनुचित तरीके से शराब की पेशकश की थी।

### आतंकवाद विरोधी दिवस पर राजभवन में ली गई शपथ

**रायपुर।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में सचिवालय की उप सचिव हिना अनिमेष नेताम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली।

### मूणत का दावा-ओडिशा में बनेगी भाजपा की सरकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा विधायक राजेश मूणत बीते कई दिनों से ओडिशा के पुरी में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्हें रोज अलग-अलग अंदाज में जनसंपर्क करते देखा जा रहा है। मतदान के लिए महज 3 दिनों का वक्त बचा है, ऐसे में उन्होंने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को श्री मूणत ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मोटरसाइकिल रैली में हिस्सा लिया।

### कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर।** कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार अधेड़ की इलाज के दौरान मौत मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 20 मई को दोपहर 12 बजे एक्सप्रेस-वे अमलीडीह के पास की है। प्रार्थी राजेंद्र निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के समय आरोपी कार क्रमांक सीजी-04, एचएम-4050 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक्टिवा सवार रामजी दीवान निवासी प्रोफेसर कॉलोनी पुरानी बस्ती को ठोकर मार दी थी। घटना के बाद गंभीर हालत में उन्हें डीकेएस अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# गैस पाइप लाइन का एक साल से चल रहा कार्य, मुआवजे के लिए भटक रहे किसान

**तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सगुनी, तरपोगी, सड्डू व सांकरा के किसान प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

गेल इंडिया लिमिटेड प्राकृतिक गैस पाइप लाइन का कार्य लगभग एक साल से तिल्दा तहसील में चल रहा है। जिसमें तिल्दा तहसील के कुछ गांव प्रभावित हो रहे है, जिसमें ग्राम पंचायत सगुनी, तरपोगी, सड्डू, सांकरा, लखना, भूमिया, सरोरा इत्यादि गांव ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

भूमि अधिग्रहण के पहले जमीन का मुआवजा दिलाने की बात कंपनी प्रबंधन द्वारा कही गई थी, लेकिन मुआवजा देने के पहले ही कार्य को प्रारम्भ कर दिया था, क्षेत्र के किसानो में बगैर जमीन मुआवजा दिए काम शुरू करने पर रोष व्याप्त था एवं विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने पर कुछ किसानों को जमीन का मुआवजा मिला। साथ ही फसल का मुआवजा नहीं दिया गया। अब चूंकि कार्य पूर्णतः की ओर है, और किसानों को फसल की मुआवजा नहीं मिला है, इसी बात को लेकर ग्राम सड्डू के किसानों ने एक जुट होकर गेल कम्पनी के मुख्यालय रायपुर में जाकर प्राधिकृत अधिकारी से मिले और मिलकर हर एक किसान बारी- बारी से अपनी समस्या को रखे।

अभी भी कुछ किसानों की जमीन का मुआवजा तकनीकी समस्या के कारण नहीं मिला है। फसल मुआवजा के लिए बताया गया की अभी अवार्ड बन रहा है, जल्द ही किसानों के खाते में रकम जमा हो जाएगा कहकर आश्वासन दिया गया।



### खरीब फसल खराब, जिसका मुआवजा किसानों को जल्द दिया जाए

*कृषक सीताराम साहू ने बताया कि खेत के मेड में जाली तार को मरम्मत करके देने का वादा भी गेल कंपनी प्रबंधन द्वारा किया गया था, जाली तार को हम लोग सुधारते है और गेल कंपनी द्वारा पुनः तोड़ दिया जाता है जिससे हम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसान नेता धर्मेंद्र वर्मा ने कहा की पिछले रबी और खरीब फसल खराब हुआ है, जिसका मुआवजा किसानों को जल्द दिया जाए। उन्होंने कहा की सक्षम प्राधिकृत अधिकारी को ज्ञापन पत्र दिया गया है। गेल कंपनी प्रबंधन को ज्ञापन देने वाले कृषको में धर्मेंद्र वर्मा, सीताराम, कुंवरसिंह, खेदूराम, माखन साहू , रामकुमार देवांगन, खेमलाल, उत्तम साहू, देवचरन साहू, आनंद साहू, सेतु निर्मलकर, रामकुमार साहू, टापलाल साहू, विदेशी साहू, रामकिसुन साहू, भूषण साहू, काशी राम साहू, मन्नू साहू, पंचराम साहू, भुवन साहू, इत्यादि किसान गेल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय रायपुर पहुंचे और ज्ञापन दिया।*

## कार्रवाई : मांढर में अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी से उखाड़ी गई सड़क

# मांढर में पहली बार अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन ने चलाया जेसीबी, भू-माफियाओं में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

धरसींवा तहसील के अंतर्गत ग्राम मांढर में भोले भाले किसानों के खेती योग्य जमीन को औने-पौने दाम पर खरीदकर भू माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग कर लोगों को महंगे दाम पर जमीन बेची जा रही थी।इसकी शिकायत होने पर जिला प्रशासन की टीम ने मंगलवार को अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी चलाकर कार्रवाई की। इस कार्रवाई से आसपास क्षेत्र के भू माफियाओं में हड़कंप मच गया है

धरसींवा तहसीलदार जयेंद्र सिंह ने बताया कि मांढर कुंद्रापारा में भू स्वामी मंजू शर्मा पति कुलदीप शर्मा खसरा नंबर 879/1 , 880/4 की भूमि पर अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही की गई। भू स्वामी द्वारा अवैध तरीके से प्लाटिंग कर जमीन को टुकड़ों में बेची जा रही थी। शिकायत मिलने पर हल्का पटवारी से प्रतिवेदन मंगवा कर नोटिस जारी कर अवैध रूप से प्लाटिंग नहीं करने की समझाइश दी गई थी। उसके बाद भी भू स्वामी तथा भू माफिया द्वारा खेत पर मुरूम से कच्ची सड़क बनाई जा रही थी। कार्यवाही करते हुए खेत पर बिछाए मुरूम को जेसीबी से उखाड़ी गई है।



### अलग-अलग जगह 50 एकड़ पर अवैध प्लाटिंग

*सिलतरा औद्योगिक नगर से घिरे ग्राम मांढर भू- माफियाओं के लिए पैसा कमाने का ठिकाना बन चुका था। यहां करीब अलग-अलग जगह 50 एकड़ पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनी बसाहट कर दी है। भू-माफियाओं तथा भू स्वामी पर लंबे समय से शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं होती थ । जिसके चलते भू माफिया का हौसला बुलंद था। मांढर में मंगलवार को पहली बार हुई इस बड़ी कार्यवाही से भू माफियाओं में एक तरफ हड़कंप मच गया है।*



### अवैध प्लाटिंग पर जारी रहेगी कार्रवाईः तहसीलदार

*धरसींवा तहसीलदार जयेंद्र सिंह ने बताया कि कृषि योग्य भूमि पर अवैध ढंग से हो रही प्लाटिंग पर निरंतर कार्यवाही चलेगी। भू स्वामी तथा भू माफिया बिना नक्शा व ले आउट पास कराए कृषि भूमि पर कॉलोनी काट रहे हैं। ग्राहकों को गुमराह कर प्लाट बेचे जा रहे हैं। ऐसे भू स्वामी पर निरंतर कार्यवाही की जाएगी।*

# छात्रावास-आश्रमों में इंटरनेट एवं सीसीटीवी कैमरा की रिपोर्ट मुख्यालय ने मंगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

औदिम जाति विभाग के सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने सभी सहायक आयुक्तों को उनके छात्रावास-आश्रमों में इंटरनेट एवं सीसीटीव्ही कैमरा की स्थिति की समीक्षा कर एक रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। नवीन छात्रावास-आश्रमों एवं अन्य भवनों के के निर्माण कार्यों के लिए भूमि का चिन्हांकन तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए भूमि चयन के संबंध में भी मुख्यालय रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व बच्चों के लिए कक्षावार पुस्तकें, कॉपियां, गणवेश एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

परियोजना प्रशासक एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के साथ समीक्षा बैठक में श्री दुग्गा ने कहा, अब तक स्वीकृत हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों की पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि करें। साथ ही जिन वन अधिकार पत्र धारकों की फौत हो चुकी है, उनके वारिसानों की जानकारी एकत्र कर संबंधित अभिलेखों में सुधारने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें।

### पीएम जनमन योजना के प्रगति की समीक्षा

*इसके अलावा पीव्हीटीजी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आदर्श ग्रामों के चिन्हांकन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। जिले में पदस्थ सहायक आयुक्त/परियोजना प्रशासक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य सभी नोडल विभागों से भी आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश दिए।*

### लंबित प्रकरणों का निपटारा करने ओआईसी नियुक्त करें

*प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट के पास ही शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सभी हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने जिलेवार लोक आयोग के लंबित प्रकरणों एवं अन्य न्यायालयीन प्रकरणों के लंबित रहने के संबंध में नाराजगी जाहिर की एवं इन प्रकरणों के लिए शीघ्र ओआईसी नियुक्त कर कार्यवाही पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए।*

# दिल्ली और हरियाणा में प्रचार करेंगे बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंच गए हैं। सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही कुमारी सैलजा के पक्ष में प्रचार करेंगे। दिल्ली दौरे को लेकर उन्होंने कहा, पार्टी जहां जिम्मेदारी देगी वहां काम करेंगे। हरियाणा और दिल्ली में पार्टी के पक्ष में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। दिल्ली रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में अमित शाह के 4 जून को कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, यह तय है कि 4 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। हताशा, निराशा अमित शाह के बयानों में साफ झलक रही है। कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए नेताओं को श्री बैज ने डिस्पोजल बताते हुए कहा, ये लोग कांग्रेस में थे, तब फ्रंट पर रहकर काम करते थे। भाजपा में सभी नेता सिर्फ डिस्पोजल की तरह काम करेंगे। इनके भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### पंडरिया हादसे पर कांग्रेस ने कहा- मृतकों को 20 और घायलों को 5 लाख मुआवजा दें

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पंडरिया सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को 20 लाख तथा घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। सभी प्रभावित लोग तेंदूपत्ता तोड़ने गये थे, आदिवासी वर्ग से हैं। इन सभी को मुआवजे के साथ शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक श्रमिक बीमा योजना के तहत भी लाभ दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, मृतकों के अंतिम संस्कार में भाजपा सरकार ने संवेदनहीनता की सारी सीमाओं को तोड़ दिया, मृतकों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। सरकार ने उनके लिये व्यवस्था करने में कोताही बरती। गृहमंत्री इस मामले में बेहद ही आपत्तिजनक बयान देते हैं कि सभी एक ही गोत्र के थे, इसलिये उनको एक ही चिता में जलाया गया, जबकि आदिवासी समाज में ऐसी कोई प्रथा नहीं है।*

# आरएसएस का प्रशिक्षण वर्ग 586 शिक्षार्थी ले रहे भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 2 जून तक शाखा कार्य करने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गर्मियों में प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में इस वर्ष छग प्रांत के रायपुर महानगर में संघ शिक्षा वर्ग लगाया गया है। समाज को संगठित करने तथा शाखा कार्य करने की क्षमता अर्जित करने के लिए संघ शिक्षा वर्ग में 19 मई से 15 दिनों के लिए कठोर शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। संघ शिक्षा वर्ग में 586 शिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। प्रातः 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या का पालन करते हुए स्वयंसेवक समय पालन, अनुशासन व समाज के प्रति अपनत्वभाव को आचरण में उतारता है। कृष्णा पब्लिक विद्यालय डुंडा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में प्रान्त संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा, संघ संपूर्ण हिंदू समाज का संगठन है। सारा समाज एक है। ऐसा भाव जागृत करने का कार्य हमें करना है। शाखा कार्य यानी देश के लिए अच्छे व्यक्ति तैयार करना, जिसे हम व्यक्ति निर्माण कहते हैं। हमें हम, मैं और मेरा से ऊपर उठकर प्रत्येक गांव में शाखा और मिलन प्रारंभ करना है। वर्ग के सर्वाधिकारी भगवान दास बंसल ने शिक्षार्थियों से समाज परिवर्तन के लिए नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन पर कार्य करने की प्रेरणा दी।

# निर्धारित गाइडलाइन कीमत से कम पर न हो संपत्ति का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जिला पंजीयकों को विभाग ने लिखा पत्र, कहा- नियमों के तहत करें निर्धारण

वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग संपत्ति के मूल्यांकन से होने वाले नुकसान को लेकर सतर्क हो गया है। विभाग ने इस संबंध में जिला पंजीयकों को पत्र लिखकर संपत्ति के न्यून मूल्यांकन से होने वाली राजस्व हानि रोकने के साथ प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने का निर्देश दिया है। वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा सभी जिला पंजीयकों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपत्ति का मूल्यांकन नहीं किया जाए। यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपत्ति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकती है, तो नियमों के तहत साक्ष्यों के साथ प्रस्ताव भेजकर अनुमोदन के बाद आगे की कार्यवाही करें। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार



द्वारा गाइडलाइन दरों में 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी। छूट के आधार पर संपत्ति की कीमत का निर्धारण कर पंजीयन किया जाता था। भाजपा सरकार आने के बाद इस छूट को खत्म कर निर्धारित गाइडलाइन के आधार पर पंजीयन किया जा रहा है। उसके आधार पर अब मूल्य का निर्धारण करने में दी जाने वाली छूट दिए जाने के संबंध में सतर्क रहने कहा गया है।

### प्रकरणों का निराकरण तीन माह में करें

यही नहीं, नई आवासीय, व्यावसायिक या औद्योगिक परियोजना का मूल्य निर्धारण करते समय छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों को आधार बनाते हुए नियमों के अनुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यादृच्छिक आधार पर दर अवधारित नहीं की जाए। पत्र में कलेक्टर ऑफ स्टाम्प के समक्ष दर्ज प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित करने कहा गया है। वहीं ऐसे प्रकरण में जहां जांच आवश्यक हो, कारण बताते हुए अधिकतम तीन माह के भीतर निराकरण करने कहा गया है।

### निर्देशों का पालन न करने पर होगी कार्रवाई

यही नहीं, जिला पंजीयकों द्वारा निराकृत प्रकरणों की सूची 15 दिवस में एक बार, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक को निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से भेजने के लिए निर्देशित किया गया है। इन निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## 4 जून को वोटों की गिनती के लिए व्यापक प्रबंध, राज्य के वोटों की गिनती सभी जिलों में

# छत्तीसगढ़ के 50 अधिकारी 21 राज्यों में कराएंगे मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 50 अफसर 21 राज्यों में जाएंगे। इनमें प्रदेश के कई राप्रसे अधिकारी और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं। इन्हें ऑब्जर्वर बनाया गया है। इधर छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हुए मतदान के वोटों की गिनती के लिए 13 सौ से अधिक कर्मचारी अधिकारी तैनात किए गए हैं। ये अधिकारी, कर्मचारी राज्य के सभी जिलों के मतगणना केंद्रों में काम करेंगे।

**ये अधिकारी 21 राज्यों में जाएंगेः**छत्तीसगढ़ के भी 50 से ज्यादा अधिकारी अलग-अलग राज्यों में पर्यवेक्षक वनकर निगरानी करेंगे। इनमें अविनाश चंपावत को नागालैंड, प्रसन्ना को उत्तरप्रदेश, भीम सिंह यह को दिल्ली, डॉ प्रियंका शुक्ला को तेलंगाना, कुलदीप शर्मा को विहार, विनीत नंदनवार को हिमाचल प्रदेश, संजीव झा को महाराष्ट्र में ऑब्जर्वर बनाया गया है। भीम सिंह दिल्ली, टोपेश्वर वर्मा और तमिलनाडु, कुलदीप शर्मा विहार, तारण प्रकाश सिन्हा गुजरात, राजेंद्र कुमार कटारा गुजरात, डोमन सिंह ने के कर्नाटक, विनीत नंदनवार हिमाचल प्रदेश, प्रियंका शुक्ला तेलंगाना, जनक पाठक, उत्तरप्रदेश, प्रसन्ना, उत्तरप्रदेश, दीपक सोनी राजथान, सारांश मित्तर राजथान, पदुम सिंह एल्मा ओडिशा, सर्वेश भूरे आंध्र प्रदेश, आभा तिवारी उत्तराखंड, कुंजाम झारखंड, सिली थॉमस उत्तरप्रदेश रुचि शर्मा उत्तरप्रदेश, भारती चंद्राकर उत्तरप्रदेश, उज्जवल पोरवाल तमिलनाडु, एका तमिलनाडु, योगेंद्र श्रीवास राजस्थान, विनय कुमार सोनी पंजाब, वैभव कुमार पंजाब, नेहा कपूर ओडिशा, लीना कोसम ओडिशा, माधुरी सोम ठाकुर ओडिशा, विनय शर्मा ओडिशा, आनंद रूप तिवारी ओडिशा, अविनाश चंपावत नागालैंड, ज्योति जुगल मिजोरम, आरती वासनिक मेघालय, पुलक भट्टाचार्य मेघालय, प्रेमलता मांडवी महाराष्ट्र, अनुप्रिया मिश्रा महाराष्ट्र, यामिनी पांडेय गुप्ता महाराष्ट्र, संजीव कुमार झा महाराष्ट्र. प्रणव सिंह महाराष्ट्र, इफ्फत आरा केरल अजय त्रिपाठी केरल, सिम्मी नाहिद कर्नाटक, देव नारायण कश्यप हिमाचल प्रदेश, अवध राम टंडन हरियाणा शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ में 1302 अफसर, कर्मी कराएंगे गिनती

*मतगणना के लिए माइक्रो आब्जर्वर की देखरेख में पूरा कार्य रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसरों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। निर्वाचन हर लोकसभा के विधानसभाओं के आधार पर 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इसके साथ ही सभी विधानसभाओं में 60 कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। यहां 7 काउंटिंग अफसरों के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी और माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 110 सहायक रिटर्निंग अफसर लगाए जाएंगे। मतगणना में कुल 1302 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।*

### मतगणना स्थल पर रहेगी ये व्यवस्था

*छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हर जिले में मतगणना होगी। राजधानी रायपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार में वोटों की गिनती होगी। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी,निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।*

### कांग्रेस मुख्यालय में राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि, आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। उनकी पुण्यतिथि पर प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लाक कांग्रेस के कार्यालयों में आतंकवाद विरोध दिवस पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महेन्द्र छाबड़ा, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, अजय साहू, अजय गंगवानी, मणी प्रकाश वैष्णव, अनुभव शुक्ला, शशि भगत, महमूद अली, रमेश राम महंत संहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राधिका ने भेजा नोटिस का जवाब, कहा- सुशील के दावे गलत

**रायपुर।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने नोटिस का जवाब दिया है। उन्होंने कई तथ्यों के खुलासे किए हैं। कोरबा के रिसॉर्ट में क्या हुआ उनके साथ, ये भी नोटिस के जवाब में लिखा गया है।



दरअसल छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता सुशील आनंद शुक्ला से आपसी विवाद के बाद राधिका ने सुशील पर कई आरोप लगाए। विवाद बढ़ा तो सुशील ने मानहानि का नोटिस भेजा था, जिसका जवाब राधिका ने दिया है। उन्होंने सुशील के दावों को गलत बताकर तीन दिन में माफी मांगने की बात कही है। राधिका खेड़ा के वकील हरिंदर सिंह की ओर से भेजे गए जवाब में बताया गया है कि राधिका खेड़ा को 1 फरवरी 2024 के दिन जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही थी, तब कोरबा के जश्न रिसॉर्ट में रात में सुशील आनंद शुक्ला और धनंजय सिंह ठाकुर ने राधिका को कई बार अनुचित तरीके से शराब की पेशकश की थी। सुशील ने राधिका के इन्हीं दावों की वजह से लीगल नोटिस भेजा था, इसे राधिका की ओर से सही तथ्य बताते हुए मानहानि लीगल नोटिस को अनुचित बताया गया है।

### आतंकवाद विरोधी दिवस पर राजभवन में ली गई शपथ



**रायपुर।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में सचिवालय की उप सचिव हिना अनिमेष नेताम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली।

### मूणत का दावा-ओडिशा में बनेगी भाजपा की सरकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा विधायक राजेश मूणत बीते कई दिनों से ओडिशा के पुरी में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्हें रोज अलग-अलग अंदाज में जनसंपर्क करते देखा जा रहा है। मतदान के लिए महज 3 दिनों का वक्त बचा है, ऐसे में उन्होंने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को श्री मूणत ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मोटरसाइकिल रैली में हिस्सा लिया। इस दौरान वह खुद दोपहिया वाहन चलाते नजर आए। श्री मूणत ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरी शहर के कई हिस्सों में भ्रमण करके आम जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर।** कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार अधेड़ की इलाज के दौरान मौत मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 20 मई को दोपहर 12 बजे एक्सप्रेस-वे अमलीडीह के पास की है। प्रार्थी राजेंद्र निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के समय आरोपी कार क्रमांक सीजी-04, एचएम-4050 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक्टिवा सवार रामजी दीवान निवासी प्रोफेसर कॉलोनी पुरानी बस्ती को ठोकर मार दी थी। घटना के बाद गंभीर हालत में उन्हें डीकेएस अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# चौधरी बोले- पांच साल में जीडीपी को 5 से 10 लाख करोड़ पहुंचाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है, हमारी प्रदेश की भाजपा सरकार विकास के नए आयाम लिखने का काम करेगी। प्रदेश में निजी कंपनियां निवेश करेंगी। निवेश का माहौल बनाने सरकार संकल्पबद्ध है। हमारा लक्ष्य पांच साल में जीडीपी को 5 लाख करोड़ से 10 लाख करोड़ पहुंचाना है। पिछली कांग्रेस सरकार के समय भ्रष्टाचार ज्यादा हुआ है। इसी के साथ निवेशकों को प्रताड़ित करने का काम होता था। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने प्रदेश में जीडीपी को बढ़ाने के लिए निवेशकों का आना बहुत जरूरी है। कहां-कहां, क्या-क्या संभव है, उस दृष्टिकोण से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इससे निश्चित रूप से परिणाम बेहतर आएंगे। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में निवेश भी होगा जीडीपी भी एक ऐतिहासिक तरीके से आगे बढ़ेगी। श्री चौधरी ने राजस्व बढ़ाने को लेकर कहा, कर प्रणाली में पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता आती है, टेक्नोलॉजी आती है, व्यवस्था सुधरती है, तो सरकार के खजाने में ज्यादा पैसे जाता है और भ्रष्टाचारियों के जेब में पैसा कम जाता है। दुर्भाग्य से पिछले सरकार ने व्यवस्था को बिगाड़ने का काम किया था, ताकि भ्रष्टाचार के जेब में ज्यादा पैसा डाल सके। इससे सरकार के खजाने में पैसा कम आया। इस कारण से इसे सुधारने के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

## कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार हुआ, निवेशक भी होते थे प्रताड़ित

### कांग्रेस सरकार में था माफिया राज

श्री चौधरी ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, पिछली सरकार में भ्रष्टाचार था, माफिया राज था। जो निवेशक आते थे, उनको भी तरह-तरह से प्रताड़ित करते थे, इसलिए निवेशक दूर से ही भाग जाते थे और जो आए वह भी काफी प्रताड़ित हुए हैं।




### रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बदलाव और सरलीकरण

श्री चौधरी ने रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बदलाव और सरलीकरण को लेकर कहा, पूरी रजिस्ट्री की प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है। आम जनता को टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए आसानी से सुविधा उपलब्ध हो सके, इसकी कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही व्यवस्था में जो कुछ गड़बड़ियां हैं, जिससे लोगों को गड़बड़ी करने का मौका मिलता है, उन सब पर सुधार की दिशा में भी बड़े स्तर की परियोजना बनाई जा रही है। रणनीति काफी हद तक तैयार है, निश्चित रूप से सभी लोगों को इससे लाभ होगा। टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए पारदर्शिता लाने के लिए सुविधाओं में वृद्धि होगी।

## पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था

# सरेंडर अहातों का ठेका सेकेंड ऊंची बोली वाले को नहीं, विभाग दोबारा निकालेगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में सरेंडर किए गए अहातों का दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। इससे पहले विभाग ने सरेंडर होने की स्थिति में अहाता का ठेका सेकेंड नंबर पर ऊंची बोली लगाने वालों को दिए जाने का नियम बनाया था, लेकिन अचानक इस नियम में बदलाव करते हुए दोबारा टेंडर निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद विभाग ने सरेंडर हुए 5 अहातों के साथ माना देशी अहाता के लिए भी दोबारा टेंडर निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था। इसके कारण यह अहाता ठेके पर जा नहीं पाया था। रायपुर जिले में 56 अहातों के लिए ऑनलाइन टेंडर बुलाया था। इनमें से माना देशी अहाता को छोड़कर 55 अहातों का टेंडर खोला गया था। इसमें से सभी अहाते सरकारी तय रेट से डेढ़ से दो गुना अधिक बोली में गए थे। सबसे ज्यादा बोली में गंजपारा का अहाता गया था। जिस रेट में अहाते गए थे, उसे लेकर विभागीय अधिकारी भी हैरान थे। वे मानकर चल रहे थे कि कई लोग अहाता सरेंडर कर सकते हैं। उनकी उम्मीद के अनुसार 5 लोगों ने अहाता सरेंडर भी कर दिया, जिसके बाद विभाग ने इन पांच लोगों के नाम ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। इसके साथ ही आवेदन के साथ जो रकम जमा की गई थी, उसे भी जब्त कर लिया है।


हरिभूमि रायपुर भूमि
टेंट में अहाता... स्टाल भी लगा

### बिलासपुर में 61 अहातों का टेंडर दोबारा

बिलासपुर जिले में भी 64 में से 61 अहातों का ठेका लोगों ने सरेंडर कर दिया था। सूत्रों के अनुसा इसके बाद इन सभी लोगों के नाम ब्लैक सूची में डाल दिया गया है। ऐसी भी खबर है कि विभाग सरेंडर हुए इन अहातों के लिए दोबारा टेंडर निकालने की तैयारी में है।

### दोबारा टेंडर होगा

विभाग से मिले आदेश के अनुसार माना देशी सहित सरेंडर हुए 5 अहातों के लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। सबसे ऊंची बोली के आधार पर ही ठेका दिया जाएगा।

- विकास गोस्वामी
उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

### इतने में बिके थे, अब इससे कम लग सकती है बोली

देशी उरला अभनपुर 45 लाख 11 हजार, विदेशी सड्डू 28 लाख 35 हजार, विदेशी कटोरातालाब 45 लाख 11 हजार, विदेशी फाफाडीह 30 लाख 65 हजार एवं देशी कम्पोजिट संतोषीनगर का ठेका 28 लाख 11 हजार में गया था।

### इन अहातों के लिए फिर निकाला जाएगा टेंडर

अहाता चलाने से इनकार करने के बाद देशी उरला अभनपुर, विदेशी सड्डू, विदेशी कटोरा तालाब, विदेशी फाफाडीह एवं देशी कम्पोजिट संतोषीनगर अहाता का ठेका निरस्त किया गया है। इन सभी अहातों के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके साथ माना देशी अहाता का भी टेंडर होगा।

### अब कम बोली लगने की संभावना

अहाता सरेंडर करने का कारण ऊंची बोली हो सकती है। लोगों ने अहाता से जमकर मुनाफा कमाएंगे सोचकर जोश में सरकारी तय रेट से डेढ़ से दो गुना अधिक की बोली लगा ली थी। टेंडर में नाम निकलने के बाद यह सोचकर अहाता सरेंडर कर दिए कि इससे उन्हें ज्यादा मुनाफा नहीं होगा। संभवतः घाटा भी हो सकता है। इधर दोबारा टेंडर निकालने के बाद अब संभावना जताई जा रही है कि लोग सरकारी तय रेट से ज्यादा कीमत की बोली नहीं लगाएंगे। यानी बोली की कीमत घट सकती है।

# छात्रावास-आश्रमों में इंटरनेट एवं सीसीटीवी कैमरा की रिपोर्ट मुख्यालय ने मंगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति विभाग के सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने सभी सहायक आयुक्तों को उनके छात्रावास-आश्रमों में इंटरनेट एवं सीसीटीव्ही कैमरा की स्थिति की समीक्षा कर एक रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। नवीन छात्रावास-आश्रमों एवं अन्य भवनों के के निर्माण कार्यों के लिए भूमि का चिन्हांकन तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए भूमि चयन के संबंध में भी मुख्यालय रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व बच्चों के लिए कक्षावार पुस्तकें, कॉपियां, गणवेश एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

परियोजना प्रशासक एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के साथ समीक्षा बैठक में श्री दुग्गा ने कहा, अब तक स्वीकृत हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों की पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि करें। साथ ही जिन वन अधिकार पत्र धारकों की फौत हो चुकी है, उनके वारिसानों की जानकारी एकत्र कर संबंधित अभिलेखों में सुधारने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें।

### पीएम जनमन योजना के प्रगति की समीक्षा

इसके अलावा पीव्हीटीजी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आदर्श ग्रामों के चिन्हांकन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। जिले में पदस्थ सहायक आयुक्त/परियोजना प्रशासक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य सभी नोडल विभागों से भी आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश दिए।

### लंबित प्रकरणों का निपटारा करने ओआईसी नियुक्त करें

प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट के पास ही शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सभी हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने जिलेवार लोक आयोग के लंबित प्रकरणों एवं अन्य न्यायालयीन प्रकरणों के लंबित रहने के संबंध में नाराजगी जाहिर की एवं इन प्रकरणों के लिए शीघ्र ओआईसी नियुक्त कर कार्यवाही पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए।

# दिल्ली और हरियाणा में प्रचार करेंगे बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंच गए हैं। सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही कुमारी सैलजा के पक्ष में प्रचार करेंगे। दिल्ली दौरे को लेकर उन्होंने कहा, पार्टी जहां जिम्मेदारी देगी वहां काम करेंगे। हरियाणा और दिल्ली में पार्टी के पक्ष में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। दिल्ली रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में अमित शाह के 4 जून को कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, यह तय है कि 4 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। हताशा, निराशा अमित शाह के बयानों में साफ झलक रही है। कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए नेताओं को श्री बैज ने डिस्पोजल बताते हुए कहा, ये लोग कांग्रेस में थे, तब फ्रंट पर रहकर काम करते थे। भाजपा में सभी नेता सिर्फ डिस्पोजल की तरह काम करेंगे। इनके भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

## पंडरिया हादसे पर कांग्रेस ने कहा- मृतकों को 20 और घायलों को 5 लाख मुआवजा दें

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पंडरिया सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को 20 लाख तथा घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। सभी प्रभावित लोग तेंदूपत्ता तोड़ने गये थे, आदिवासी वर्ग से हैं। इन सभी को मुआवजे के साथ शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक श्रमिक बीमा योजना के तहत भी लाभ दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, मृतकों के अंतिम संस्कार में भाजपा सरकार ने संवेदनहीनता की सारी सीमाओं को तोड़ दिया, मृतकों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। सरकार ने उनके लिये व्यवस्था करने में कोताही बरती। गृहमंत्री इस मामले में बेहद ही आपत्तिजनक बयान देते हैं कि सभी एक ही गोत्र के थे, इसलिये उनको एक ही चिता में जलाया गया, जबकि आदिवासी समाज में ऐसी कोई प्रथा नहीं है।

# आरएसएस का प्रशिक्षण वर्ग 586 शिक्षार्थी ले रहे भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गर्मियों में प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में इस वर्ष छग प्रांत के रायपुर महानगर में संघ शिक्षा वर्ग लगाया गया है। समाज को संगठित करने तथा शाखा कार्य करने की क्षमता अर्जित करने के लिए संघ शिक्षा वर्ग में 19 मई से 15 दिनों के लिए कठोर शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। संघ शिक्षा वर्ग में 586 शिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। प्रातः 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या का पालन करते हुए स्वयंसेवक समय पालन, अनुशासन व समाज के प्रति अपनत्वभाव को आचरण में उतारता है। कृष्णा पब्लिक विद्यालय डुंडा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में प्रान्त संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा, संघ संपूर्ण हिंदू समाज का संगठन है। सारा समाज एक है। ऐसा भाव जागृत करने का कार्य हमें करना है। शाखा कार्य यानी देश के लिए अच्छे व्यक्ति तैयार करना, जिसे हम व्यक्ति निर्माण कहते हैं। हमें हम, मैं और मेरा से ऊपर उठकर प्रत्येक गांव में शाखा और मिलन प्रारंभ करना है। वर्ग के सर्वाधिकारी भगवान दास बंसल ने शिक्षार्थियों से समाज परिवर्तन के लिए नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन पर कार्य करने की प्रेरणा दी।

- 2 जून तक शाखा कार्य करने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

# निर्धारित गाइडलाइन कीमत से कम पर न हो संपत्ति का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिला पंजीयकों को विभाग ने लिखा पत्र, कहा- नियमों के तहत करें निर्धारण

वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग संपत्ति के मूल्यांकन से होने वाले नुकसान को लेकर सतर्क हो गया है। विभाग ने इस संबंध में जिला पंजीयकों को पत्र लिखकर संपत्ति के न्यून मूल्यांकन से होने वाली राजस्व हानि रोकने के साथ प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने का निर्देश दिया है। वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा सभी जिला पंजीयकों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपत्ति का मूल्यांकन नहीं किया जाए। यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपत्ति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकती है, तो नियमों के तहत साक्ष्यों के साथ प्रस्ताव भेजकर अनुमोदन के बाद आगे की कार्यवाही करें।




उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गाइडलाइन दरों में 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी। छूट के आधार पर संपत्ति की कीमत का निर्धारण कर पंजीयन किया जाता था। भाजपा सरकार आने के बाद इस छूट को खत्म कर निर्धारित गाइडलाइन के आधार पर पंजीयन किया जा रहा है। उसके आधार पर अब मूल्य का निर्धारण करने में दी जाने वाली छूट दिए जाने के संबंध में सतर्क रहने कहा गया है।

### प्रकरणों का निराकरण तीन माह में करें

यही नहीं, नई आवासीय, व्यावसायिक या औद्योगिक परियोजना का मूल्य निर्धारण करते समय छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों को आधार बनाते हुए नियमों के अनुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यादृच्छिक आधार पर दर अवधारित नहीं की जाए। पत्र में कलेक्टर ऑफ स्टाम्प के समक्ष दर्ज प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित करने कहा गया है। वहीं ऐसे प्रकरण में जहां जांच आवश्यक हो, कारण बताते हुए अधिकतम तीन माह के भीतर निराकरण करने कहा गया है।

### निर्देशों का पालन न करने पर होगी कार्रवाई

यही नहीं, जिला पंजीयकों द्वारा निराकृत प्रकरणों की सूची 15 दिवस में एक बार, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक को निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से भेजने के लिए निर्देशित किया गया है। इन निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## 4 जून को वोटों की गिनती के लिए व्यापक प्रबंध, राज्य के वोटों की गिनती सभी जिलों में

# छत्तीसगढ़ के 50 अधिकारी 21 राज्यों में कराएंगे मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 50 अफसर 21 राज्यों में जाएंगे। इनमें प्रदेश के कई राप्रसे अधिकारी और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं। इन्हें ऑब्जर्वर बनाया गया है। इधर छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हुए मतदान के वोटों की गिनती के लिए 13 सौ से अधिक कर्मचारी अधिकारी तैनात किए गए हैं। ये अधिकारी, कर्मचारी राज्य के सभी जिलों के मतगणना केंद्रों में काम करेंगे।

**ये अधिकारी 21 राज्यों में जाएंगे:** छत्तीसगढ़ के भी 50 से ज्यादा अधिकारी अलग-अलग राज्यों में पर्यवेक्षक वनकर निगरानी करेंगे। इनमें अविनाश चंपावत को नागालैंड, प्रसन्ना को उत्तरप्रदेश, भीम सिंह यह को दिल्ली, डॉ प्रियंका शुक्ला को तेलंगाना, कुलदीप शर्मा को विहार, विनीत नंदनवार को हिमाचल प्रदेश, संजीव झा को महाराष्ट्र में ऑब्जर्वर बनाया गया है। भीम सिंह दिल्ली, टोपेश्वर वर्मा और तमिलनाडु, कुलदीप शर्मा विहार, तारण प्रकाश सिन्हा गुजरात, राजेंद्र कुमार कटारा गुजरात, डोमन सिंह ने के कर्नाटक, विनीत नंदनवार हिमाचल प्रदेश, प्रियंका शुक्ला तेलंगाना, जनक पाठक, उत्तरप्रदेश, प्रसन्ना, उत्तरप्रदेश, दीपक सोनी राजथान, सारांश मित्तर राजथान, पदुम सिंह एल्मा ओडिशा, सर्वेश भूरे आंध्र प्रदेश, आभा तिवारी उत्तराखंड, कुंजाम झारखंड, सिली थॉमस उत्तरप्रदेश रुचि शर्मा उत्तरप्रदेश, भारती चंद्राकर उत्तरप्रदेश, उज्जवल पोरवाल तमिलनाडु, एका तमिलनाडु, योगेंद्र श्रीवास राजस्थान, विनय कुमार सोनी पंजाब, वैभव कुमार पंजाब, नेहा कपूर ओडिशा, लीना कोसम ओडिशा, माधुरी सोम ठाकुर ओडिशा, विनय शर्मा ओडिशा, आनंद रूप तिवारी ओडिशा, अविनाश चंपावत नागालैंड, ज्योति जुगल मिजोरम, आरती वासनिक मेघालय, पुलक भट्टाचार्य मेघालय, प्रेमलता मांडवी महाराष्ट्र, अनुप्रिया मिश्रा महाराष्ट्र, यामिनी पांडेय गुप्ता महाराष्ट्र, संजीव कुमार झा महाराष्ट्र. प्रणव सिंह महाराष्ट्र, इफ्फत आरा केरल अजय त्रिपाठी केरल, सिम्मी नाहिद कर्नाटक, देव नारायण कश्यप हिमाचल प्रदेश, अवध राम टंडन हरियाणा शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ में 1302 अफसर, कर्मी कराएंगे गिनती

मतगणना के लिए माइक्रो आब्जर्वर की देखरेख में पूरा कार्य रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसरों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। निर्वाचन हर लोकसभा के विधानसभाओं के आधार पर 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इसके साथ ही सभी विधानसभाओं में 60 कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। यहां 7 काउंटिंग अफसरों के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी और माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 110 सहायक रिटर्निंग अफसर लगाए जाएंगे। मतगणना में कुल 1302 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

### मतगणना स्थल पर रहेगी ये व्यवस्था

छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हर जिले में मतगणना होगी। राजधानी रायपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार में वोटों की गिनती होगी। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी,निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।

### कांग्रेस मुख्यालय में राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि, आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। उनकी पुण्यतिथि पर प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लाक कांग्रेस के कार्यालयों में आतंकवाद विरोध दिवस पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महेन्द्र छाबड़ा, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, अजय साहू, अजय गंगवानी, मणी प्रकाश वैष्णव, अनुभव शुक्ला, शशि भगत, महमूद अली, रमेश राम महंत संहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# बिना फार्मासिस्ट चल रहे मेडिकल स्टोर्स, स्वास्थ्य केंद्रों में भी दूसरे कर्मचारी बांट रहे दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी समेत प्रदेशभर में संचालित कई मेडिकल स्टोर्स में फार्मासिस्ट नहीं है। इसके अलावा तमाम उपस्वास्थ्य केंद्रों में इनके अभाव में दूसरे कर्मचारी मरीजों को दवा बांट रहे हैं। ऐसे में मरीजों को गलत दवा मिलने और साइफ इफेक्ट होने की आशंका है। इनकी निगरानी के लिए आईपीए द्वारा फार्मेसी इंस्पेक्टर नियुक्त करने की मांग की गई है।

राज्य गठन के बाद से अब तक दवा दुकानों में कार्यरत शख्स फार्मासिस्ट है अथवा नहीं, इसकी जांच नहीं होती। कोरोना काल में बड़ी संख्या में दवा दुकानें खुलीं और इस बात की आशंका भी है कि वहां काम कने वाले कर्मचारी फार्मासिस्ट नहीं हैं। इसी तरह राज्य में लोगों को घर से समीप ही उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं, मगर वहां फार्मासिस्ट के अभाव में काम करने वाले दूसरे कर्मचारी मरीजों को दवा वितरण का काम कर रहे हैं। शासकीय ब्लड बैंक पशु चिकित्सालयों में भी फार्मासिस्ट पदस्थ नहीं हैं और वहां भी दवा संबंधी काम किए जा रहे हैं। फार्मेसी एक्ट के सेक्शन 42 के अनुसार फार्मासिस्ट के अलावा कोई दूसरा शख्स दवा संबंधी काम नहीं करता। इस तरह का काम लेने वालों पर तीन माह कारावास और दो लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान है। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने इस पर चिंता जाहिर की है और इसकी निगरानी के लिए फार्मेसी इंस्पेक्टर की नियुक्ति करने की आवश्यकता बताई है।



### फार्मेसी रजिस्ट्रार को ज्ञापन

इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने इसके अलावा फार्मेसी काउंसिल में लाइफ टाइम पंजीयन कराने वाले फार्मासिस्टों की जांच करने, पंजीयन और नवीनीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने सुविधा ऑनलाइन करने तथा काउंसिल के लिए शासकीय जमीन की मांग सहित अन्य मसलों पर फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा है।

### 80 फीसदी दुकानें किराए की डिग्री पर

आईपीए के सचिव राहुल वर्मा ने बताया कि राज्य में 80 प्रतिशत दवा दुकानें किराए के फार्मासिस्ट सर्टिफिकेट के भरोसे संचालित की जा रही हैं। ऐसी दवा दुकानों की जांच के लिए भी किसी तरह का प्रावधान नहीं किया गया है जो नियम के विपरीत है। इस तरह के गोलमाल को रोकने के लिए दवा दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी और वहां के संचालक के दस्तावेज और डिग्री की जांच करना जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया नमन



**रायपुर।** पंचायती राज व संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर गुलाल से तिलक लगाकर फूलमाला अर्पित की। यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रायपुर ग्रमीण कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष खरोरा सौरभ विश्वनाथ मिश्रा, शहर अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी खरोरा सुरेंद्र गिलहरे, जिला उपाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण अश्वनी वर्मा, पूर्व प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस रविंदर बबलू भाटिया, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस जुबेर अली, धरसींवा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष खूबी डहरिया, कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित सरपंच पचरी अभिषेक वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि व शहर कांग्रेस पार्टी खरोरा महामंत्री संत नवरंगे, वरिष्ठ कांग्रेसी ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल श्यामलाल बघेल, प्रभारी महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा शशांक शेखर चंद्राकर, कार्यलय प्रभारी व महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा धनेश वर्मा, मीडिया प्रभारी शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा भानुप्रताप भट्ट व अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नौ एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग रोकी, सरकारी जमीन पर कब्जा तोड़ा

**अवंति विहार में 2 हजार वर्गफीट शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा हटाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के अलग-अलग हिस्सों में अवैध प्लाटिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को नगर निगम के तोड़ूदस्ते ने अलग-अलग क्षेत्र में जन शिकायत के बाद 9 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। वहीं अवंतिविहार इलाके में 2 हजार वर्गफीट शासकीय जमीन पर किये गये अवैध कब्जे को हटाया। निगम प्रशासन द्वारा जोनवार अवैध प्लाटिंग रोकने अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम जोन 5 की नगर निवेश टीम ने निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम के साथ मिलकर वामनराव लाखे वार्ड में झाबक मोटर्स के पास एग्रोनिक मशीनरी प्रोडक्ट शॉप के पीछे करीब 2 एकड़ निजी जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर प्लॉट के लिए बनाई गई डीपीसी को काटने की कार्रवाई की। अज्ञात अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनवाई गई अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन से काटकर आवागमन को बाधित करते हुए रोक लगाई। जोन कमिश्नर विमल शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

इसी तरह जोन 8 के नगर निवेश विभाग ने पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर फेस 4 स्थित अविनाश आशियाना अपार्टमेंट के पीछे करीब 2 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग स्थल पर काली डस्ट डालकर अवैध रूप से निर्मित रोड को काटकर आवागमन बाधित किया। नगर निगम जोन 10 अमले ने मेडिशाइन हास्पिटल अमलीडीह के पीछे 5 एकड़ निजी जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर मुरुम रोड काटकर, प्लॉट कटिंग करने लगाये गये पोल को हटाकर रोक लगाई।



### केनाल लिंकिग रोड से हटाया अवैध अतिक्रमण

*नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग ने केनाल लिंकिग रोड में झूलेलाल मूर्ति के पास किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। टीम ने एक कूलर रिपेयर दुकान को हटाते हुए एक अन्य निर्माण कार्य को स्थल पर बंद कराकर स्थल से एक हाईवा रेत, गिट्टी व*

## बारिश में ओवरफ्लो होकर बहेगा गंदा पानी

# शहर की नालियां जाम, प्लास्टिक डिस्पोजल के साथ गंदगी का ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम शहर की खुली नालियों को ढकने अब तक प्री कास्ट कवर का इंतजाम नहीं कर सका है। 2 करोड़ रुपये इस कार्य की राशि नगर निगम को इस पंद्रहवें वित्त आयोग मद में मिली है, पर टेंडर में देर की वजह से अब तक एजेंसी तय नहीं हो पाई। लोकसभा चुनाव के बाद टेंडर खोलकर एजेंसी तय की जायेगी। इसके बाद नालियों को प्रीकास्ट कवर से ढकने के कार्य का वर्कआर्डर जारी होगा। कुल मिलाकर बारिश में नालियों में जाम गंदगी ओवरफ्लो होकर लोगों की परेशानी का कारण बनेगी।

शहरी सरकार ने अपने निगम बजट में 70 वार्ड की नालियों सहित प्रमुख मार्गो के नाले और नालियों को प्री कास्ट कवर से ढकने की योजना बनाई। मकसद था खुली नालियों में कूड़ा करकट डालने से लोगों को रोकना। इसके साथ ही मच्छरों और खुली नाली की बदबू से लोगों को राहत दिलाना। इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम को पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 2 करोड़ की पहले ही मिल चुकी है, पर विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण इसका टेंडर देर से हो पाया। इस बीच लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाने से टेंडर अब तक नहीं खुल पाया। ऐसे में शहर की नालियों को प्री कास्ट कवर से ढकने की योजना का लाभ इस बार बारिश के मौसम में नहीं मिल पायेगा।

### चुनाव के बाद खुलेगा टेंडर

नालियों को प्री कास्ट कवर से ढकने 2 करोड़ का टेंडर किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद इसका टेंडर खोला जायेगा। इसके बाद एजेंसी तय कर वर्कआर्डर जारी होगा।

**- राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता
नगर निगम रायपुर

### डिज्नीलैंड मेले में बच्चों को लुभा रहे अनोखे झूले



**रायपुर।** रावणभाटा मैदान स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास भाठागांव में आयोजित 'डिज्नीलैंड मेले' का मुख्य उद्देश्य बच्चों और बड़ों के लिए एक साथ एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करना है। मेले का समय रोजाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक है। यह मेला अपने विविध आकर्षक झूलों के लिए जाना जाता है, जहां बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं, वहीं बड़े भी यहां एंजॉय कर सकते हैं। ज्ञात हो कि इस मेले में 80 फीट के टनलनुमा एक्वेरियम में 45 प्रजाति की 15000 से ज्यादा रंग-बिरंगी मछलियां हैं, छह हजार वर्गफीट में तैयार इस एक्वेरियम में 25 छोटे एक्वेरियम भी हैं, जिसमें अलग-अलग तरह की मछलियां रखी गई हैं।

### गांधी उद्यान में कल मनाएंगे बुद्ध जयंती

रायपुर। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर ऑल इंडिया समता सैनिक दल द्वारा 23 मई को भगवान गौतम बुद्ध की 2568वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 7.30 बजे बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर माल्यार्पण कर रैली के साथ प्रस्थान किया जाएगा। यह कार्यक्रम गांधी उद्यान स्थित बुद्ध प्रतिमा स्थल पर होगा। कार्यक्रम में भिक्खु महेंद्र, एमडी कावरे, रतनलाल डांगी, दीपक बंसोड़, डॉ. कल्पना, डॉ. आरके सुखदेवे आदि शामिल होंगे।

## पेज 11 के शेष

### मानसिक तनाव हो...

कायम किया। ठीक इसी तरह विधानसभा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 12वीं की छात्रा वसुंधरा बारले ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह परीक्षा में कम अंक आने को लेकर तनाव में रहती थी। परीक्षा परिणाम में इसे 63 प्रतिशत अंक मिले थे, जबकि उसकी चाहत 80 फीसदी अंक की थी। दोनों मामलों में आत्मघाती कदम उठाने की वजह डिप्रेशन यानी मानसिक तनाव था, जिसकी समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। मनोचिकित्सक मानते हैं कि बदलते समय में लोग ओवरथिंकिंग का शिकार होते जा रहे हैं। साथ ही थोड़ी नाकामी से घबरा जा रहे हैं, उनकी सहनशक्ति कम हो रही है, जिसकी वजह से वे इस तरह का आत्मघाती कदम उठा रहे हैं।

### मेडिकल कॉलेज में...

द्वारा परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग ही पेश नहीं की गई है। नेशनल मेडिकल कमीशन के अनुसार, समय-समय पर जारी कारण बताओ नोटिस के माध्यम से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में पाई गई कमियों के बारे में सूचित किया गया था। इसके बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

### आपस में चंदा कर...

ढलान होने के कारण गाड़ी की स्पीड बहुत बढ़ गई थी। इसी बीच ड्रायवर ने जोर से कहा कि गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया है। इसके बाद वह गाड़ी से कूद गया। कुछ और लोग भी गाड़ी से कूदे। इसी बीच गाड़ी जो पूरी तरह अनियंत्रित और ड्रायवर विहीन थी, वह सड़क से करीब 35 फीट नीचे जा गिरी और यह बड़ा हादसा हो गया।

### मानसून के मेंटेनेंस के...

उपभोक्ता ही परेशान होंगे। ऐसे में एक दिन की परेशानी तो उठानी पड़ेगी। अब यह बात अलग है कि मानसून के मेंटेनेंस के बाद भी हल्की सी बारिश में भी कई फीडरों की बिजली गुल हो जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी साल में दो बार फीडरों का मेंटेनेंस करती है। एक बार गर्मी से पहले और दूसरी बार गर्मी के रहते ही मानसून के लिए मेंटेनेंस किया जाता है। मानसून के लिए मेंटेनेंस अप्रैल और मई दो माह तक लगातार चलता है। यह ऐसा समय रहता है, जब भीषण गर्मी पड़ती है, लेकिन पॉवर कंपनी की भी मजबूरी है। इसके पहले मेंटेनेंस संभव नहीं है, क्योंकि इसके पहले तो गर्मी के लिए मेंटेनेंस का काम होता है।

### बिना अनुमति ड्रिलिंग पर...

भुगतान तक हो चुका है। अब आरपीएफ सीएसपीडीएल के प्रोजेक्ट विभाग के अफसरों को भी नोटिस जारी करेगी, क्योंकि ठेका कंपनी से जुड़े दस्तावेज अभी आरपीएफ को नहीं मिले हैं। जांच शुरू होने के बाद अब लगातार रेलवे का आरोप है कि बगैर किसी पूर्व सूचना के रेलवे क्षेत्र में काम किया जा रहा था। इसी कारण हादसा हुआ, जबकि पावर कंपनी के प्रोजेक्ट अफसरों का कहना है कि रेलवे से काम करने की अनुमति ठेका कंपनी ने ली थी। डिमांड नोट जारी करने पर रेलवे को इसके एवज में भुगतान किया गया था। 17 और 18 मई को रेलवे व बिजली कंपनी के अफसरों की उपस्थिति में ठेका एजेंसी के लोगों ने काम भी किया था। ड्रिलिंग भी की गई थी। 19 मई को रविवार के दिन ड्रिलिंग नहीं होनी थी, लेकिन ठेका कर्मियों ने बगैर अनुमति या सूचना के काम शुरू कर दिया था।

### बैठक में जांच के...

अधिकारी इस अवैध कार्य को रोक नहीं पाए। इंजीनियरिंग अफसरों को भी जानकारी नहीं लगी। अनुमान है कि हादसे के लिए उरकुरा से लेकर रायपुर तक पदस्थ रेल कर्मियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

### कस्टम मिलिंग घोटालाः...

मांग की। ईडी को विश्वास है कि रोशन चंद्राकर से पूछताछ में घोटाले के मामले में कई अहम सुराग मिल सकते हैं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद रिमांड अवधि 27 मई तक बढ़ा दी है। कस्टम मिलिंग घोटाले में रोशन चंद्राकर पर आरोप है कि वह मिलर्स से कमीशन की राशि वसूलता और इसकी जानकारी अधिकारियों को देता था। इसके बाद ही मिलर्स को भुगतान किया जाता था। कमीशन नहीं देने वाले मिलर्स का भुगतान रोक दिया जाता था। ईडी की जांच में पाए गए इन तथ्यों के बाद रोशन चंद्राकर को गिरफ्तार किया गया है। विदित हो कि कस्टम मिलिंग घोटाले में ईडी ने मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी को भी गिरफ्तार किया है। मनोज सोनी से पूछताछ के बाद ईडी ने राइस मिलर्स को समंस जारी किया है। इसके अलावा एसोसिएशन से जुड़े कई लोगों को दफ्तर बुलाकर पूछताछ भी की गई है।

## बिजनेस साइट

# बिजनेस साइकिल फंड के साथ आर्थिक साइकिल की सटीक पहचान करें

**रायपुर।** म्यूचुअल फंड में निवेश करने से ढेर सारे विकल्प मिलते हैं, प्रत्येक फंड अलग-अलग निवेश उद्देश्यों और जोखिम उठाने की क्षमता को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रमुखता प्राप्त करने वाली ऐसी ही एक श्रेणी बिजनेस साइकिल फंड है, जिसका उद्देश्य अर्थव्यवस्थाओं की साइक्लिकल प्रकृति का लाभ उठाना है। आइए विचार करें कि इन फंडों को क्या खास बनाता है और किसे इनमें निवेश करने पर विचार करना चाहिए।

बिजनेस साइकिल फंड आर्थिक चक्र के वर्तमान चरण की पहचान करने और उसके अनुसार फंड पोर्टफोलियो को एडजस्ट करने के आधार पर काम करता है। विस्तार चरणों के दौरान, ध्यान साइक्लिकल सेक्टर्स की ओर चला जाता है, जबकि बिजनेस में आंशिक बाधाएं फंड्स को रक्षात्मक क्षेत्रों की ओर बदलाव के लिए प्रेरित करता है। यह प्रभावशाली और गतिशील दृष्टिकोण फंड मैनेजर्स को अवसरों का लाभ उठाने और बदलती आर्थिक स्थितियों से जुड़े जोखिमों को कम करने की अनुमति देता है। खास इंडस्ट्री या सेक्टर्स पर ध्यान केंद्रित करने वाली सेक्टरल या थीमेटिक स्कीम्स के विपरीत, बिजनेस साइकिल फंड विभिन्न क्षेत्रों में विविधीकरण बनाए रखते हैं। यह विविधीकरण किसी एक क्षेत्र के खराब प्रदर्शन के खिलाफ एक बफर के रूप में कार्य करता है। हालांकि, जब आर्थिक साइकिल की मांग होती है, तो संभावित अवसरों को अधिकतम करते हुए, फंड प्रबंधकों के पास पोर्टफोलियो को केंद्रित करने की लचीलापन भी होती है।



**विजय कुमार यादव**
डायरेक्टर, फायर स्टोन इन्वेस्टमेंट, रायपुर

**इन फंडों में निवेश पर किसे विचार करना चाहिए ?** - लॉन्ग टर्म में संभावित उच्च रिटर्न चाहने वाले उच्च जोखिम उठाने की क्षमता वाले निवेशक प्रमुख उम्मीदवार हैं। हालांकि, फंड मैनेजर की रणनीति को सामने लाने के लिए कम से कम तीन से पांच साल तक निवेशित रहना आवश्यक है। हालांकि महत्वपूर्ण अल्फा जेनरेशन की अवधि हो सकती है, निवेशकों को प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के लिए तैयार रहना चाहिए। जबकि बिजनेस साइकिल फंड निवेश के लिए एक प्रभावशाली दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, बिजनेस साइकिल्स के उतार-चढ़ाव का लाभ उठाते हैं, अनुकूल निवेश परिणामों के लिए सही फंड का चयन करना महत्वपूर्ण हो जाता है। जबकि बिजनेस साइकिल निवेश पर आधारित लगभग दस से बारह म्यूचुअल फंड ऑफर्स हैं, लेकिन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड उन फंडों में से एक है जिसने अलग-अलग समय सीमा में काफी पॉजिटिव निवेश अनुभव प्रदान किया है। 29 अप्रैल, 2024 तक, फंड ने एक साल में 52.20 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न दिया है और दो और तीन वर्षों में क्रमशः 27.35 प्रतिशत और 26.29 प्रतिशत का अच्छा खासा सीएजीआर रिटर्न दिया है। इनमें से प्रत्येक समय-सीमा में, फंड ने 6-12 प्रतिशत की सीमा में रहने बेंचमार्क से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है।


**आम-सूचना**

मै अपने पक्षकार विश्वनाथ साहू पिता विजय साहू एवं पुरुषोत्तम साहू पिता स्व. महेश साहू दोनों निवासी-ग्राम पाऊवारा पोस्ट पाऊवारा तहसील दुर्ग छत्तीसगढ़ से प्राप्त अधिकार व दस्तावेजो तथा निर्देश अनुसार श्रीमान रवि साहू पिता जसपाल साहू उम्र 40 वर्ष निवासी 39/111 न्यू सुभाष नगर, टिकरापारा रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) एवं आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार को रवि साहू द्वारा अपना परिचय कॉलोनाइजर एवं डेव्हलपर के रूप में देकर मेरे पक्षकार के संयुक्त परिवार के हक्र स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम पाऊवारा प.ह.नं. 31/40 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग में खसरा नम्बर 642 में रकबा 0.400 हेक्टर भूमि तथा खसरा नम्बर 641 में रकबा 0.260 हेक्टर भूमि इस प्रकार कुल रकबा 0.660 हेक्टर भूमि जिसमे कुल 4 खातेदार क्रमशः विजय कुमार एवं धर्मेन्द्र कुमार तथा श्रीमती अमरीका बाई एवं पुरुषोत्तम लाल साहू से क्रेता रवि साहू द्वारा उक्त भूमि को क्रय किये जाने का सौदा किया था तथा बयाना स्वरूप विक्रेतागण को रकम प्रदान कर दिनांक 31-03-2023 को इकरारनामा निष्पादित किया गया था । मेरे पक्षकारगण उपरोक्त भूमि स्वामी (विक्रेतागण) के आममुख्तयारधारक है ।

निष्पादित इकरारनामा के अनुसार उक्त सौदाशुदा भूमि की रजिस्ट्री क्रेता को स्वयं के नाम पर या अन्य किसी व्यक्ति के नाम पर इकरारनामा दिनांक से 11 माह में कराया जाना था तथा क्रेता जमीन व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति होने से सौदाशुदा उक्त भूमि के संबध में समस्त औपचारिकता पूर्ण कर नियत समयावधि में भूमि के रजिस्ट्री किये जाने का हमेशा मौखिक आश्वासन विक्रेतागण को दिया जाता रहा तथा कुछ भूमि का विक्रय भी क्रेता के निर्देश पर किया गया है किन्तु तत्पश्चात से आज दिनांक तक आप क्रेता द्वारा पूर्व में दिए मौखिक आश्वासन के अनुसार उक्त भूमि के अनुमति अनुज्ञप्ति के संबध में आप क्रेता ने कई बार विक्रेतागण से तथा मेरे पक्षकारगण से विक्रय अनुमति व अनुज्ञाप्ति हेतु कई कागजो फ़ार्म पर हस्ताक्षर ले चुके है किन्तु आज दिनांक उक्त के संबध में क्रेता रवि साहू

के द्वारा मेरे पक्षकार को मात्र भ्रम की स्थिति में रखा है तथा सौदाशुदा भूमि के विक्रय विलेख पंजीयन रजिस्ट्री में आप क्रेता के द्वारा कोई भी रूचि नहीं ली जा रही है तथा निष्पादित इकरारनामा के अनुसार क्रेता को विलेख का पंजीयन रजिस्ट्री दिनांक 31-03-2023 से 11 माह के म्याद में किया जाना था किन्तु क्रेता द्वारा सौदा की शेष बकाया रकम का भुगतान किये जाने एवं भूमि की रजिस्ट्री किये जाने में कोई भी रूचि नहीं ले रहे है ।

अतः आप क्रेता रवि साहू एवं आम जनता को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आम सुचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिनों के भीतर आप क्रेता उक्त सौदाशुदा भूमि के विक्रेतागण अथवा उपरोक्त उल्लेखित मेरे पक्षकारगण (आम मुख्तयारगण) से संपर्क कर सौदाशुदा भूमि की शेष बकाया रकम का भुगतान कर विक्रय विलेख का पंजीयन करा लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार अथवा भूमि स्वामी उक्त अवधि के समाप्ति पश्चात उपरोक्त उल्लेखित भूमि को अन्य क्रेता व्यक्ति अथवा संस्था को विक्रय रजिस्ट्री कर देवेंगे जिसमे आपके द्वारा किसी भी प्रकार से किया गया अवरोध या हस्तक्षेप करने की स्थिति में वह शून्य व अमान्य होवेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होवेगा।

"सो सूचना जाने"

रायपुर
दिनांक :20.05.2024






**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-08 शंकरनगर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 15/05/24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिमन्यु धोतरे पिता श्री धर्मेश धोतरे निवासी शंकरनगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 63 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 1185/11 रकबा क्रमशः 0.0870 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 23/04/24 के परिपालन में दिनांक 30/05/204 को समय अपरान्ह 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 63 के शंकरनगर स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-08



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 20/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कु. सेफाली मजूमदार पिता स्व. शांति रंजन मजूमदार निवासी माना कैम्प रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं.-रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 598/9 रकबा 0.0200 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 22/04/2024 के परिपालन में दिनांक 27/05/2024 को समय 4 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 70 के लालपुर स्थित कर्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर- 11



Health Town

डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर — Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक — डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसिन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133




## खबर संक्षेप



### भाजपा सरकार की छवि खराब कर रहे अधिकारी

**रायपुर।** भाजपा नेता आलोक श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों पर सीधे आरोप लगाया है कि आचार संहिता की आड़ में अधिकारी जनसामान्य की छोटी-छोटी समस्याओं को रोककर एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अति आवश्यक सेवाओं को रोककर भाजपा सरकार की छवि खराब कर रहे हैं, जबकि आचार संहिता में इसका उल्लेख नहीं है। राजधानी के नगर निगम के अधिकारी आचार संहिता की आड़ में नाली सफाई तक नहीं करा सकते। नगर निगम के एक अधिकारी से रायपुर ग्रामीण के लोगों ने भाजपा नेता आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में गंदी नाली का पानी कॉलोनी में घुस जाएगा, इसको लेकर फोन पर चर्चा की और सैकड़ों कॉलोनीवासी इकट्ठे हुए, अधिकारी ने सुबह 7 बजे आने का समय दिया, सब लोग अपना काम छोड़कर अधिकारी का इंतजार करते रहे, अधिकारी का 9 बजे तक अता-पता नहीं था, उसके बाद अधिकारी पहुंचे। उन्होंने गोल-मोल जवाब दिया और आचार संहिता का हवाला देकर चलते बने। इस प्रकार छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद भी अधिकारी सुधरे नहीं हैं, अपनी मनमानी कर रहे हैं और जनता को परेशान कर रहे हैं तथा भाजपा सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी कि ऐसा करने वाले अधिकारी चाहे किसी विभाग के हों, तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।

### बुद्ध पूर्णिमा पर कल से गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विश्व शांति व सबके कल्याण की भावना और पर्यावरण में सुधार के लिए विश्व स्तरीय गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ एवं उपासना महाभियान इस वर्ष भी चलाया जाएगा। 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गृहे-गृहे यज्ञ अभियान की शुरुआत होगी, जो 24, 25 और 26 मई तक चलेगी। चार दिवसीय अभियान में छत्तीसगढ़ के 2 लाख नए परिवारों तक गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ कराने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा और गायत्री परिवार ट्रस्ट समता कॉलोनी से मिली जानकारी के अनुसार गायत्री परिवार की शाखाओं को केंद्र बनाकर प्रज्ञा, युवा, महिला मंडलों के सैकड़ों परिजनों के माध्यम से रायपुर महानगर में ही हजारों घरों में यज्ञ कराने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस वर्ष भी गायत्री परिवार बुद्ध पूर्णिमा को यज्ञ दिवस के रूप में मनाएगा। इस अवसर पर देश-विदेश में लाखों घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ किया जाएगा।

### महाराष्ट्र मंडल की बैठक कल

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की वार्षिक सामान्य सभा (एजीएम) 26 मई को सुबह 9 बजे होगी। कोरम के अभाव में नियमानुसार बैठक 30 मिनट के लिए आगे बढ़ाई जाएगी। इसके बाद 9.30 बजे शुरू होनी वाली बैठक के लिए कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। सचिव चेतन दंडवते ने बताया कि एजीएम में गत वर्ष हुए आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत कर अनुमोदन कराया जाएगा। साथ ही गत वर्ष हुई गतिविधियों, कार्यक्रमों और प्रकल्पों की जानकारी दी जाएगी और भावी सेवाभावी कार्यों और योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। मंडल के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर खंगन ने बताया कि 23 मई को शाम 6 बजे कार्यकारिणी सदस्यों व विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई है। बैठक में सामान्य सभा की तैयारियों और विषयवस्तु पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा पदाधिकारियों से भी सुझाव लिए जाएंगे।

### संत सूरदास की मनाई जयंती



**रायपुर।** सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र रायपुर द्वारा संत सूरदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री श्रीराम राजवाड़े ने संत सूरदास के जीवन संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया तथा सक्षम जिला संरक्षक डॉ. ललित चंद्राकर ने आंखों से संबंधित समस्याओं तथा समाधान की जानकारी दी। इसी दौरान डॉ. संगीता कश्यप ने संत सूरदास की जीवनी तथा फिजियोथेरेपी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में दृष्टिबाधित पूर्णानंद को श्रीफल और शॉल देकर सम्मानित किया गया और दिलीप देवांगन को नेत्रदान सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में जिला सचिव अविनाश चटर्जी, तेजप्रकाश फेखर, संदीप, प्रीति साहू, प्रशांत चंद्राकर, रावजी उपस्थित थे।

# तय नहीं हुआ भर्ती नियम, अटकी पड़ी बाइपास सर्जरी, पांच साल से हृदय के मरीज कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

विशेष परिस्थितियों को छोड़कर पिछले पांच साल से हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की बाइपास सर्जरी एडवांस कार्डियक सर्जरी इंस्टिट्यूट में नहीं हो पा रही है। इसकी एकमात्र वजह स्वीकृत पद पर शासन स्तर पर भर्ती नियम तय नहीं हो पाना है। स्टाफ नहीं होने की वजह से यहां जरूरतमंद मरीजों को भर्ती ही नहीं किया जा रहा है और उन्हें निजी अस्पताल में जाकर पांच लाख रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है।

आंबेडकर अस्पताल से संबंधित एसीआई में हर महीने 30 से 35 ऐसे मरीज पहुंचते हैं, जिनके हृदय के उपचार के लिए बाइपास की आवश्यकता होती है। चिकित्सकीय जांच के बाद उन्हें सर्जरी के लिए दूसरे अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। चिकित्सक ऐसा जानबूझकर नहीं करते, बल्कि आधुनिक मशीनों से लैस इस संस्थान में जरूरी स्टाफ नहीं होने की वजह से ऑपरेशन नहीं किया जा सकता। हृदय संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में आधुनिक मशीनों की सुविधा तो दी गई है, मगर कई तरह के ऑपरेशन के लिए जरूरी स्टाफ की भर्ती की तरफ अब तक ध्यान नहीं दिया गया है, जिसकी वजह से सामान्य मरीजों को बाइपास सर्जरी कराने के लिए निजी अस्पताल में पांच लाख रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है। यहां के सीटीवीएस विभाग में अन्य पदों के साथ फरफ्यूजनिस्ट और फिजिशियन असिस्टेंट के पद तो स्वीकृत किए गए हैं।

## परफ्यूजनिस्ट और फिजिशियन असिस्टेंट भर्ती के लिए नहीं हो सका फैसला

### डेढ़ करोड़ की हार्टलंग्स मशीन चलाने वाला नहीं

किसी मरीज की बाइपास सर्जरी के लिए हार्टलंग्स मशीन की जरूरत होती है। इस मशीन के माध्यम से सर्जरी के माध्यम से मरीज की धड़कन को नियंत्रित किया जाता है। डेढ़ करोड़ की लागत से इस मशीन की खरीदी तो काफी साल पहले की जा चुकी है, मगर इसे चलाने के लिए परफ्यूजनिस्ट और कार्डियक सर्जरी फिजिशियन असिस्टेंट की भर्ती नियम नहीं होने की वजह से अब तक नहीं हो पाई है, जबकि इनके तीन-तीन पदों को स्वीकृति दी जा चुकी है।




**स्टाफ जरूरी**

आपातकालीन स्थिति होने पर कुछ मरीजों की बाइपास सर्जरी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत की गई है। इसे नियमित करने के लिए जरूरी स्टाफ की आश्यकता है।

*- डॉ. कृष्णाकांत साहू, विभागाध्यक्ष, हार्ट चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी*

### बनाए जा रहे नए ऑपरेशन थियेटर

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में जरूरी स्टाफ की भर्ती के लिए ध्यान हीं दिया गया है, मगर यहां ज्यादा संख्या में ऑपरेशन करने के लिए एक करोड़ की लागत से दो ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम पूरा किया जा रहा है। यहां के सर्जरी विभाग में फेफड़े एवं खून की नसों की सर्जरी, ओपन हार्ट सहित अन्य सर्जरी पूरी की जा रही है। बाइपास सर्जरी की सुविधा देने के लिए स्टाफ मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

# सोना पहली बार 77 हजार की दहलीज पर चांदी 97 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी की कीमत अब थमने का नाम नहीं ले रही है। इतिहास में पहली बार राजधानी रायपुर और प्रदेश में सोना 77 हजार की दहलीज पर पहुंच गया है। मंगलवार को 24 कैरेट सोने के दस ग्राम की कीमत जीएसटी के साथ 76900 रुपए रही। चांदी तो अब एक लाख की तरफ तेजी से बढ़ रही है। मंगलवार को कीमत



97150 रुपए रही। चांदी तीन दिनों में 6150 रुपए महंगी हो गई है।

सोना और चांदी दोनों इस साल एक नया अध्याय लिखने में लगे हैं। कभी किसी ने सोचा नहीं था कि दोनों की कीमत इतनी तेजी से बढ़ेगी। सोना बीते माह 18 अप्रैल को पहली बार 76 हजार के पार हुआ था। इसके बाद कीमत कम होती गई, लेकिन अब वापस मई में कीमत में तेजी आती जा रही है। मई के पहले दिन कीमत 73800 रुपए थी, लेकिन इसके बाद कीमत कम ज्यादा होती रही। 15 मई को कीमत 75 हजार के पार होने के बाद कीमत लगातार बढ़ रही है। अब कीमत 77 हजार से महज सौ रुपए कम है।

***चांदी खा रही ज्यादा भाव :*** इस समय चांदी ही ज्यादा भाव खा रही है। मई के पहले दिन इसकी कीमत 82500 रुपए थी जो इस समय 97150 रुपए हो गई है। यानी 20 दिनों में कीमत 14650 रुपए बढ़ी है। एक ही दिन में कीमत 2750 रुपए बढ़ी है। एक दिन पहले कीमत 94400 रुपए थी। शनिवार को जब बाजार बंद हुआ था तो कीमत 91 हजार रुपए थी। लेकिन सोमवार को बाजार खुला को कीमत 94400 रुपए हो गई। यानी रविवार की छुट्टी के बाद कीमत में 34 रुपए की तेजी आई।

## मंडल में आरपीएफ में जवानों की कमी

# रेलवे स्टेशन में बूथ बनकर तैयार कब से शुरू होगा अभी तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर करने और यात्रियों की शिकायतों का तत्काल समाधान करने बूथ बनकर तैयार हैं, लेकिन यह कब शुरू होगा, जिसकी जानकारी अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं। जिला प्रशासन से हुई बैठक के बाद रेलवे ने दो दिनों के भीतर ही बूथ बना दिया, लेकिन अब मैन पावर को लेकर एक बार फिर बैठकों का दौर शुरू होगा। इस बूथ में रेलवे के कमर्शियल इंस्पेक्टर के साथ आरपीएफ और जीआरपी को तैनात करना है, लेकिन आरपीएफ के पास जवानों की कमी है। जीआरपी की मदद लेने जिला पुलिस से रेलवे बैठक करेगा, जिसके बाद तय होगा। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि हम जल्दबाजी में ऐसा कोई निर्णय लेना नहीं चाहते हैं, जिससे व्यवस्था बिगड़े। लंबे समय के लिए सिस्टम तैयार करना चाहते है, ताकि बूथ के जरिए यात्रियों को भी मदद मिले।

- **जिला प्रशासन से बैठक कर रेलवे बूथ में जीआरपी की लेगा मदद**



**एक बार बैठक करेंगे**

बैठक के बाद दो दिनों के ही भीतर बूथ बना दिया है। इसे चालू करने अब जिला प्रशासन से मैन पावर को लेकर एक बार बैठक करेंगे। बूथ में आरपीएफ, जीआरपी और कमर्शियल इंस्पेक्टर को तैनात किया जाएगा।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल*

### नो पार्किंग में कार्रवाई ढूंढ रहे समाधान

जिला प्रशासन से बैठक के बाद नो पार्किंग में गाड़ियों पर कार्रवाई फिलहाल बंद हो चुकी है। बूथ बनने के बाद यह फिर से शुरू होगा, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि कार्रवाई कौन करेगा? और पैसों का हिसाब कौन रखेगा? आरपीएफ के बाद इतने जवान नहीं हैं कि हर दिन नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई कर सके। पार्किंग के टेंडर में यह जिम्मेदारी रेलवे ने ठेकेदार को दी गई थी, लेकिन सिस्टम बदलने के बाद नई जिम्मेदारी को लेकर संशय बना हुआ है, क्योंकि नो पार्किंग में कार्रवाई का कुछ हिस्सा पार्किंग ठेकेदार को दिया जाएगा। इसीलिए रेलवे नया समाधान ढूंढ रहा है। बूथ बनाने का फैसला नो पार्किंग विवाद के बाद लिया गया था।

# सोनोग्राफी की परीक्षा पास करने वालों को पांच महीने बाद सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नियम का पालन करते हुए सुरक्षित ढंग से सोनोग्राफी करने की परीक्षा पास करने वाले आठ डाक्टरों को पांच महीने बाद सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने लिखित और प्रायोगिक परीक्षा ली थी, जिसमें 11 डाक्टर शामिल हुए थे। पीसीपीएनडीटी एक्ट



के तहत सोनोग्राफी सेंटर संचालित करने वाले चिकित्सकों के लिए इस परीक्षा को पास करना अनिवार्य किया गया है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा इसके लिए समय-समय पर परीक्षा का आयोजन किया जाता है। पिछली बार हुई लिखित परीक्षा के बाद प्रेक्टिकल एग्जाम में कुल 11 चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए थे। इनमें से आठ ने परीक्षा उत्तीर्ण की, दो फेल हुए हैं और एक चिकित्सक को परीक्षा के लिए अयोग्य पाया गया था। दिसंबर में इसका परिणाम घोषित किया गया था और मई में उत्तीर्ण चिकित्सकों को प्रमाणपत्र देने की शुरुआत की गई है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधिकारियों का कहना है इस परीक्षा के माध्यम से महिलाओं को सोनोग्राफी का काम दक्ष हाथों में है। राज्य में बड़ी संख्या में सोनोग्राफी सेंटरों का संचालन किया जाता है, इसमें ग्रामीण इलाकों में संचालित होने वाले केंद्रों में अनुभवहीन लोगों द्वारा जांच किए जाने की शिकायत आती रहती थी, जिसके बाद इस पीसीपीएनडीटी एक्ट की सीबीई परीक्षा की शुरुआत की गई है। परीक्षा में सफल होने के लिए चिकित्सकों को एक से अधिक मौका दिया जाता है।

# सफाई मित्र से दुर्व्यवहार कर मारपीट, गुढ़ियारी इलाके में काम बंद कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्रों ने गुरुवार को सुबह गुढ़ियारी इलाके में काम बंद कर दिया। रोज की तरह मंगलवार को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए निकले थे, तभी मोनू साहू नाम के व्यक्ति ने सफाई मित्र आसकरण कोसले के साथ मुर्रा भट्ठी चौक में गाड़ी नहीं खड़ी करने को लेकर उनसे दुर्व्यवहार कर मारपीट की। इसकी जानकारी मिलते ही गुढ़ियारी, कोटा और रामनगर क्षेत्र के सफाई मित्रों ने काम बंद कर दिया और अपनी गाड़ियां अजाक थाने के सामने खड़ा कर इसका विरोध जताया।

- **सफाई गाड़ी अजाक थाने के सामने खड़ा कर प्रदर्शन**
- **मोनू साहू पर मारपीट करने का आरोप**

नगर निगम के ठक्कर बापा वार्ड के सफाई कर्मचारी आसकरण कोसले से दुर्व्यवहार और मारपीट को लेकर मंगलवार क्षेत्र के सफाई मित्रों ने विरोध जताया है। आरोपी मोनू साहू पर कार्रवाई की मांग करते हुए सफाई मित्रों ने प्रातः 11 बजे तक अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। बाद में आसकरण कोसले ने आरोपी मोनू साहू के खिलाफ गुढ़ियारी थाने में जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया है, मोनू साहू नशे की हालत में आए दिन आसकरण की गाड़ी के सामने आकर दुर्व्यवहार करता था।

सूत्रों के मुताबिक सफाई मित्रों का कहना है निगम प्रशासन हम पर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने दबाव बनाये हुए है और वे जब नागरिकों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग मांगते हैं, तो इस तरह की स्थिति निर्मित होने लगती है।



# रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच, छह बिल्डरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने शहर के आधा दर्जन बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच के दौरान निगम अमले ने वॉलफोर्ट एलेन्सिया सरोना, मारुति लाइफ स्टाइल कोटा, पार्थिवी प्रॉविन्स सरोना, डीएम टॉवर कोटा और कृष्णा पैराडाइज कोटा के परिसर और अपार्टमेंट की जांच के बाद नोटिस जारी किए हैं।

- **वॉलफोर्ट, पार्थिवी, मारुति, डीएम टॉवर और कृष्णा पैराडाइज की जांच**

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि सभी परिसरों की जांच होगी और जिन्हें नोटिस दिया गया है, वे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को सुधार कर फोटोग्राफ सहित निगम को अवगत कराएं। ऐसा नहीं हुआ तो हर परिसर पर प्रति 100 वर्गमीटर 1 हजार रुपए की दर से जुर्माना लगाया जाएगा और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की तुरंत मरम्मत कराई जाएगी।

मानसून के नजदीक आते ही नगर निगम अमला रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच को लेकर एक्शन मोड में है। मंगलवार को निगम दस्ते ने कार्रवाई की शुरुआत कर दी। निजी आवासीय परिसरों में जोन-8 कमिश्नर अरूण ध्रुव के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, ईश्वर टावरे और अक्षय भारद्वाज की टीम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच की। इस दौरान वॉलफोर्ट, मारुति और पार्थिवी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से नोटिस जारी किया गया है।

# मोबाइल हैक कर दो लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जागरूकता के अभाव में लोग बार-बार अंजान लोगों की बातों में आकर मोबाइल पर ही अपने बैंक खातों से संबंधित जानकारी देकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। इसमें अज्ञात आरोपी ने एसबीआई कस्टमर केयर का कर्मचारी बताकर एक व्यक्ति से मोबाइल पर संपर्क कर उसके क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली और पहले मोबाइल हैक कर लिया, फिर उसके अलग-अलग दो बैंक खाते से कुल दो लाख 16 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर टिकरापारा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- **एसबीआई कस्टमर केयर का कर्मचारी बताकर व्यक्ति के दो खाते से उड़ाए पैसे**

थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे ने बताया कि श्रद्धाविहार कालोनी बोरियाखुर्द निवासी विद्याकांत मिश्रा ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसका एसबीआई और आरबीएल बैंक में खाते हैं। दोनों बैंक के उसके पास क्रेडिट कार्ड भी हैं। इनमें से वह एक क्रेडिट कार्ड को बंद करना चाहता था। 3 मई को एक अज्ञात व्यक्ति का उसके मोबाइल पर फोन आया था। उसने खुद को एसबीआई कस्टमर केयर का कर्मचारी बताते हुए विद्याशंकर से क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी मांगी। इस दौरान विद्याशंकर ने आरोपी मोबाइल धारक को बताया कि वह क्रेडिट कार्ड को बंद कराना चाहता है। इसके लिए विद्याशंकर ने आरोपी के पूछने पर क्रेडिट कार्ड का डिटेल उसे बता दिया। इसके तुरंत बाद प्रार्थी का मोबाइल हैक हो गया और कुछ मिनट के अंदर ही उसके दोनों बैंक खातों में जमा कुल 2 लाख 16 हजार 917 रुपये आहरण कर लिया।

### विडियो कॉल भी आया था

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि ठगी की घटना के पहले संदिग्ध नंबर से उसके मोबाइल पर विडियो कॉल भी आया था। प्रार्थी ने घटना की शिकायत सायबर थाने में भी दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में धारा 420 का अपराध दर्ज कर प्रार्थी के मोबाइल से संदिग्ध नंबरों को सर्च करके आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## खंबों में अवैध पोस्टर चिपकाया, अर्थदंड

**रायपुर।** शहीद हेमूकालाणी वार्ड के देवेन्द्र नगर क्षेत्र में शासकीय खंबों पर कोचिंग संस्थान का प्रचार करने लगाये अवैध पोस्टर लगाने की शिकायत सही मिलने पर निगम प्रशासन ने आरएमपी कोचिंग क्लासेस टैगोर नगर पर 3 हजार रुपये और लीप जीबी तेलीबांधा पर 2000 रू. का अर्थदण्ड लगाया है। संपत्ति विरूपण के तहत यह कार्यवाही की गई।

**शौचालय बनाने की मांग :** नगरनिगम जोन 2 क्षेत्र शहीद हेमू कालाणी वार्ड में सार्वजनिक शौचालय बनाने नमस्ते चौक देवेन्द्र नगर निवासी संजय जानी ने 4 मार्च को जोन आयुक्त के पास आवेदन दिया। पर 2 माह बीतने के बाद संबंधित क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय नहीं बनाया गया। आवेदक संजय जानी ने निगम आयुक्त को इससे अवगत कराते हुए शौचालय निर्माण का काम जल्द कराने आग्रह किया है। उनका ये भी कहना है कि 15 दिन के अंदर यदि वार्ड में सार्वजनिक शौचालय नहीं बनाया गया तो वे निगम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

## बिजनेस साइट

### वित्तीय वर्ष-24 में व्यवसाय वृद्धि में पीएसयू बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र शीर्ष पर

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम

**रायपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाताओं के बीच कुल व्यवसाय और जमा राशियां संग्रहण करने में उच्चतम वृद्धि दर दर्ज की है, जबकि इस दौरान अधिकांश ऋणदाताओं को दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान कुल व्यवसाय (घरेलू) में 15.94 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है, दूसरे स्थान पर देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 13.12 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर कल बंद रहेगा मांस-मटन विक्रय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर निगम सीमा के अंतर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बंद रहेंगी। उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।













02 2500 रुपए के डिवाइस से मिलेगी ....

## लाइव इवेंट

# 14 दिन में 10 राज्य का सफर सड़क सुरक्षा का दिया संदेश



**रायपुर।** शहर के बाइकर्स समूह इन्फिनिटी राइडर क्लब ने 14 दिनों में 5,100 किलोमीटर सफर की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की है। क्लब ने उत्तर पूर्व भारत की मोटरसाइकिल यात्रा में 10 राज्यों और तीन अंतरराष्ट्रीय सीमाओं, भूटान, बांग्लादेश और चाइना का भ्रमण करते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। क्लब के सदस्य सभी आठ राइडर्स प्रिंस डावर, गगनदीप सिंह, परिमल शर्मा, शिवेंद्र वर्मा, प्रतीक मिश्रा, सैयद अलतमश, रचित दास और वेदांत अग्रवाल ने सड़क सुरक्षा पर जागरूकता फैलाते हुए अपनी ट्रीप पूरी की। यात्रा के दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव में नागरिकों की हिस्सेदारी बढ़ाने मतदान करने के लिए जागरूक किया। क्लब के राइडर प्रिंस ने बताया कि क्ल्ब ने सफर में स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की और सुरक्षित सवारी प्रथाओं पर मूल्यवान सुझाव साझा किए। हेलमेट पहनने से लेकर गति सीमा का पालन करने तक, इन्फिनिटी राइडर क्लब ने जिम्मेदार राइडर के अपने संदेश को फैलाने का प्रयास किया।

### खराब मौसम में चुनौतियों का किया सामना

यात्रा में शामिल सबसे यंगेस्ट राइडर वेदांत और अल्तमश ने बताया कि यात्रा में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर देश सेवा में अग्रसर हमारे जवानों से मिलकर कर उनका आभार व्यक्त करने का अवसर हमें प्राप्त हुआ। राइडर शिवेंद्र और परिमल ने अपना रोमांचक अनुभव सज्जा करते हुए बताया कि जैसे ही क्लब के सदस्य सुरम्य परिदृश्यों और चुनौतीपूर्ण इलाकों से जैसे सेला दर्रा से होते हुए तवांग पहुंचे, उन्हें काफी बाधाओं का सामना करना पड़ा। अप्रत्याशित मौसम की स्थिति मेघालय में बनी रही और उबड़-खाबड़ सड़कों से होते हुए राइडर्स दावकी नदी तक पहुंचे जिसकी सीमाओं बांग्लादेश से जुड़ी है। राइडर रचित, गगनदीप और राइडर प्रतीक ने मेघालय के डबल डेकर लिविंग ब्रिज पार करने के लिए 3500 सीढ़ियों से होते हुए नीचे की तरफ ट्रैक करना पड़ा जो काफी थका देने वाला और रोमांच से भरा अनुभव रहा।

● विदेशी भाषा सीखने के बाद मिल रहे बेहतर कॅरियर विकल्प, पहुंच रहे जर्मन, जापानी, स्पेनिश सीखने

# विदेश में जॉब व पढ़ाई करने फ्रेंच संग जर्मनी भाषा का ट्रेंड टूरिस्ट कर रहे बेसिक कोर्स, रशियन के लिए भी दीवानगी

*भीड़ से अलग हटकर कुछ नया करने ख्वाहिश रखने वाले युवा इन दिनों शहर में विदेशी भाषा सीख रहे हैं। हिंदी, अंग्रेजी और अपनी मातृभाषा के बाद विदेशी भाषा सीखने वाले युवाओं में जर्मन भाषा के प्रति एक खास लगाव भी देखने को मिल रहा है। इसका कारण यह है कि यह अंग्रेजी से काफी मिलती-जुलती है। इसका कोर्स अपेक्षाकृत छोटा है। शहर के विभिन्न कोचिंग क्लास में बच्चों से लेकर युवा बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। यहां उन लोगों के लिए 15 से 30 दिनों की विशेष क्लास लगाई जा रही है, जो विदेश घूमने के लिए जा रहे हैं। ऐसे लोगों को बातचीत करने बेसिक जानकारी दी जा रही है।*




### 6 माह में बेसिक समझ कर रहे मजबूत

विदेशी भाषा की समझ होने से मल्टीनेशनल कंपनियों में जॉब की राह आसान हो जाती है। कोटा स्थित यूनिक वर्ड कोचिंग के जर्मन लैंग्वेज के टीचर डॉ. आदित्य गुप्ता ने बताया कि फ्रेंच और अरबी की तुलना में जर्मन लैंग्वेज कोई भी 5 से 6 माह में बेसिक रूप से भाषा की समझ मजबूत कर सकता है। बाकि भाषा की तुलना में जर्मनी की कंपनियां पूरे विश्व में फैली हुई है। ऐसे में जर्मन भाषा सीखने के बाद अच्छी नौकरी मिलने की संभावनाएं काफी हद तक बढ़ जाती हैं। इस वजह से ज्यादातर युवा बाकी विदेशी भाषाओं के बजाए जर्मन भाषा सीखने को तवज्जो दी है। कोचिंग में 8 स्टूडेंट्स साल भर से पढ़ाई के साथ-साथ जर्मन सीख रहे हैं।




**रायपुर।** हरिभूमि ने शहर के लैंग्वेज कोचिंग क्लास के संचालकों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि ज्यादातर युवा विदेश में पढ़ाई और कॅरियर बनाने के लिए विदेशी भाषा सीखना चाहते हैं। भारत में विदेशी की कई ऐसी कंपनी हैं, जिसके कई पदों के लिए कर्मचारी को विदेशी भाषा की बेसिक जानकारी होना आवश्यक बताया है। युवा जर्मन भाषा सीखने के प्रति ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। इसके चलते शहर में विदेशी भाषा सिखाने वाले संस्थानों की संख्या में भी खासी बढ़ोतरी हुई है।



### 2 महीने से लेकर साल भर का सर्टिफिकेट कोर्स

शहर में फ्रेंच, जर्मन और स्पेनिश सीखने वाले बढ़ रहे हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक अंग्रेजी के बाद दुनिया की दूसरी यूनिवर्सल भाषा फ्रेंच बन चुकी है, इसके बाद स्पेनिश का नंबर आता है। लगभग सभी यूरोपियन देशों में फ्रेंच का उपयोग किया जा रहा। लैंग्वेज कोचिंग संस्थान में दो महीने से लेकर सालभर का कोर्स उपलब्ध है। 5 से अधिक लैंग्वेज का सर्टिफिकेट कोर्सेज कराया जा रहा है। एक्सपर्ट के अनुसार भाषाओं को सीखने से दिमाग खुलता है, दायरा भी बढ़ता है। नई भाषा आने के साथ ही अंग्रेजी की पकड़ भी मजबूत होती है।




### टीचर और ट्रांसलेटर बनने फॉरेन लैंग्वेज सीखने बढ़ा क्रेज

बीते पांच सालों में विदेशी भाषा सीखने को लेकर पहले लोगों में इतना क्रेज नहीं था। लेकिन धीरे-धीरे एक-दूसरे को देखकर कोई भी दूसरी विदेशी भाषा सीखने की ललक बढ़ी है। स्टूडेंट्स हीर कश्यप ने बताया कि यदि कोई युवा एक साल तक प्रयास करे तो किसी भी विदेशी भाषा में दक्षता हासिल कर सकता है। इसके बाद न जॉब मिलने की संभावना बढ़ जाती है। ज्यादा युवा टीचर और गाइड और ट्रांसलेटर बनने के लिए भाषा सीख रहे हैं। जर्मन भाषा सीखकर शहर से कई युवा जर्मनी, स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रेलिया में अच्छी नौकरियां हासिल कर रहे हैं।

### हॉबी के रूप में भी सीख रहे नई भाषाएं

*समर क्लास के रूप में भी विदेशी भाषाओं की विशेष क्लास चल रही है। शंकर नगर स्थित आदर्श कोचिंग संस्था के मयंक चौधरी ने बताया कि अब विदेशी भाषाओं का ज्ञान शौक के साथ जरूरत बन गया है। हर कोई स्वयं को सिर्फ हिंदी या अंग्रेजी भाषा तक ही सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि तीसरी और चौथी भाषा के रूप मे विदेशी भाषा सीख रहे हैं। बच्चे और युवा भी हॉबी के रूप में भी नई भाषाएं सीखना चाह रहे हैं। शहर में सबसे ज्यादा डिमांड फ्रेंच लैंग्वेज की है, इसके बाद जर्मन, जापानी, स्पेनिश और रशियन की है।*

## एज्यूकेशन अपडेट

# एनएलसी इंडिया इंडस्ट्रियल ट्रेनी के लिए अर्जी अब 15 जून तक




**रायपुर।** एनएलसी इंडिया इंडस्ट्रियलट्रेनी के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे ऐसे युवा जो इस भर्ती के लिए के लिए पात्रता पूरी करते हैं, उनके लिए यह सुनहरा मौका है। एनएलसी की ओर से इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 15 जून तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथियों में एनएलसी की ऑफिशियल वेबसाइट nlcindia.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने से पहले उम्मीदवार पात्रता की जांच अवश्य कर लें।इस भर्ती के माध्यम से कुल 239 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें से इंडस्ट्रियल ट्रेनी/ टेक्निकल पदों के लिए कुल 100 एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनी, माइंस एन्ड माइंस सपोर्ट सर्विस पदों के लिए 139 पद आरक्षित हैं।

### इंजीनियरिंग डिप्लोमा जरूरी

इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से 10वीं उत्तीर्ण किया हो और साथ ही संबंधित ट्रेड में आईटीआई अथवा इंजीनियरिंग डिप्लोमा आदि प्राप्त किया हो। शैक्षिक योग्यता के साथ ही जनरल एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु 37 वर्ष, ओबीसी (एनसीएल) वर्ग के लिए 40 वर्ष एवं एससी,एसटी वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु 42 वर्ष से तय की गई है। उम्र की गणना 1 मार्च 2024 को ध्यान में रखकर की जाएगी। पात्रता एवं मापदंड की विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य करें।

# एमए अर्थशास्त्र में 40 प्रतिशत उत्तीर्ण फिलॉसफी के परिणाम रहे 94%

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को विविध परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। इसमें अर्थशास्त्र तथा समाजशास्त्र के प्रथम व अंतिम वर्ष शामिल रहे। अर्थशास्त्र प्रथम वर्ष की परीक्षा में 257 छात्र शामिल हुए। इनमें 174 छात्र उत्तीर्ण तथा 257 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। 43 प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। इसी तरह से अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल 299 छात्रों में 71.24 प्रतिशत छात्र सफल रहे हैं। इसके अलावा एमए फिलॉसफी के परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रथम वर्ष के परिणाम 94 प्रतिशत तथा अंतिम वर्ष के परिणाम 81 प्रतिशत रहे हैं।



# विद्यार्थियों का मूल्यांकन 80 फीसदी अंकों से ही 20% अंकों का निर्धारण प्रोजेक्ट वर्क के जरिए

**रायपुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। इसे साल 2025 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा से लागू कर दिया जाएगा। यह बदलाव सवालों के फॉर्मेट से लेकर मूल्यांकन प्रक्रिया तक में किया गया है। सीबीएसई बोर्ड के 11वीं और 12वीं के फाइनल रिजल्ट रिजल्ट में हर विषय के कुल अंकों को 100 से कम कर 80 प्रतिशत कर दिया गया है। अब स्टूडेंट्स को 20 प्रतिशत मार्क्स असेसमेंट, प्रैक्टिकल एग्जाम और प्रोजेक्ट वर्क के आधार पर दिए जाएंगे। सीबीएसई बोर्ड के नए परीक्षा पैटर्न से स्टूडेंट्स को काफी फायदा मिलेगा। सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 11वीं और 12वीं के नए परीक्षा पैटर्न में कंपीटेंसी बेस्ड सवालों को बढ़ाया जाएगा। इससे स्टूडेंट्स की रटने की प्रक्रिया पर लगाम लगाई जा सकेगी। साथ ही उनकी क्रिटिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स बेहतर होंगी। इससे वह रियल लाइफ की चुनौतियों का सामना कर सकेंगे।

○ लंबे समय से चल रही थी प्रक्रिया, 2025 से होगा लागू

### छात्रों को होंगे ये फायदे

सीबीएसई परीक्षा पैटर्न में जो बदलाव लागू किए जा रहे हैं, उनसे स्टूडेंट्स को काफी फर्क पड़ेगा। कंपीटेंसी बेस्ड सवालों के बढ़ने से स्टूडेंट्स को अपनी रेगुलर एजूकेशन में प्रैक्टिकल स्किल का इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी। इससे सभी विषयों के बारे में उनकी समझ बेहतर होगी। सीबीएसई की नई मार्किंग स्कीम के लिए स्टूडेंट्स को अपनी तैयारी और स्टडी पैटर्न को बदलना होगा। इससे वह लास्ट मोमेंट पर पढ़ाई करने के बजाय पूरे साल पढ़ाई पर फोकस कर पाएंगे।

### सवालों के अंकों में भी परिवर्तन

सीबीएसई कक्षा 11वीं, 12वीं में एमसीक्यू, केस-बेस्ड और सोर्स बेस्ड सवालों को बढ़ाया जाएगा। कंपीटेंसी बेस्ड सवालों का प्रतिशत अब 40 से बढ़ाकर 50 तक कर दिया जाएगा। वहीं, शॉर्ट और लॉन्ग आंसर वाले सवालों को 40 से 30 प्रतिशत कम कर दिया है। जो स्टूडेंट्स बिल्कुल पारंपरिक अंदाज में बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते हैं और किताबों से रटने पर फोकस रखते हैं, उनके लिए यह फॉर्मेट काफी अलग हो सकता है। उन्हें इस हिसाब से तैयारी करने में ज्यादा मेहनत लग सकती है।

# धार्मिक पाठशाला : प्रोजेक्टर से समझाए जैन धर्म के कर्तव्य



**रायपुर।** मालवीय रोड में विराजित मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान के समक्ष लंबे अंतराल के बाद पंडित नितिन के सानिध्य में आदिनाथ विद्या धार्मिक पाठशाला का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। समाज के सदस्यो व छोटे बच्चों ने जैन विधि अनुसार अभिषेक, शांतिधारा व पूजन किया। इस दौरान विद्यासागर हॉल में बाल बोध धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण के लिए नई डिजिटल तकनीक के द्वारा प्रोजेक्टर में जैन धर्म का कर्तव्य, भेद एवं गुणों पर आधारित वीडियो के चित्रण को 45 बच्चों ने देखकर धर्म के मूल को समझा। कार्यक्रम संयोजक लोकेश चंद्रकांत जैन ने बताया, पाठशाला को अनवरत रुप से प्रभारी संध्या दिलीप जैन द्वारा विगत 6 वर्षो से चलाया जा रहा है। मंच में अध्यक्ष यशवंत जैन, सचिव सुजीत जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, भरत जैन ट्रस्ट्री, डॉ.देवकुमार, नवीन मोदी सहित अन्य सदस्यों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बच्चों में उत्साह बना रहे, इसलिए उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल में अब हेल्पलाइन नंबर सुविधा 30 मई तक

# अधिकतर छात्रों को चाहिए अपनी उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति कॉलेज चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं और विषय संबंधित सवाल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत परीक्षा के पूर्व तनाव को दूर करने के लिए की गई थी। दस दौरान छात्रों ने परीक्षा परिणाम को लेकर चिंता जाहिर करते हुए अपनी समस्याएं साझा की थी। मंडल ने हेल्पलाइन की तारीख 15 मई से बढ़ाकर 30 मई तक कर दी गई है। छात्रों के लिए मनोवैज्ञानिक और कॅरियर काउंसलर की सुविधा हेल्पलाइन नबंर के जरिए रखी गई है। सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक अपनी समस्या के साथ छात्र कॉल कर रहे हैं। सीजी बोर्ड के परीक्षा परिणाम से पहले पूछे जाने वाले सवालों का पैटर्न अलग था। अब पृथक तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं। बीते दिनों 9 मई बुधवार को परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई थी, जिसके बाद छात्र विषय एवं कॅरियर संबंधित प्रश्न अधिक पूछ रहे हैं। अब रोजाना लगभग 40 से 50 कॉल ही मंडल में किया जा रहे हैं। जिसके लिए रोजाना पाली अनुसार मनोवैज्ञानिक और कॅरियर काउंसलर अपनी सलाह बच्चों तक पहुंचा रहे हैं।

परीक्षा परिणाम के बाद बदला छात्रों के सवालों का पैटर्न



### वक्त के साथ प्रश्नों में बदलाव

*1 मई से 9 मई तक परीक्षा संबंधित प्रश्न अधिक पूछे गए, इसमें परीक्षा परिणाम कब आएगा? इस साल उत्तर पुस्तिका की जांच किस प्रकार हो रही? अपने अनुसार उत्तर लिखने पर नंबर दिया जाएगा की नहीं? जैसे प्रश्न पूछे गया। इस दौरान दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षा के विद्यार्थियों में अधिक तनाव देखा जा रहा था। समस्या को ध्यान रखते हुए मंडल में हेल्पलाइन की सुविधा का वक्त बढ़ा दिया गया है।*

### धीरे-धीरे कम हो रहे फोन कॉल्स

मनोवैज्ञानिक स्वाति शर्मा ने बताया, रोजाना आरटीआई के प्रश्न सबसे अधिक किया जा रहा। इसके अंतर्गत छात्र अपनी उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्राप्त करना चाह रहे हैं। मेरे नंबर कम आए हैं, मुझे ग्रेस मिला है, अपने नंबर बढ़ाने के लिए मैं क्या करूं? जैसे प्रश्न पूछे जा रहे हैं। बीते दो दिनों से कॉल की संख्या में कमी हुई है। काउसिलिंग के लिए उपसचिव जेके अग्रवाल, सहायक प्रध्यापक मनीषा सिंग और प्रदीप साहू ने बच्चों की समस्याओं पर सुझाव दिए।

### कॅरियर काउंसलर से सलाह

परीक्षा परिणाम के पश्चात बच्चों में तनाव कम देखा जा रहा है। अब कॅरियर काउंसलर से सलाह के तौर पर जीवन संबंधित प्रश्न पूछे जा रहे हैं। इसमें विज्ञान, गणित, आर्ट्स,कॉमर्स विषय चयन के बाद क्या करें? यूपीएससी के लिए क्या करना होगा? क्या मैं नीट की परीक्षा दिला सकता हूं? चार विषय में पूरक आने के बाद क्या करना सही रहेगा? क्या मैं दूबारा कक्षा की पढ़ाई करूं? पूरक का फॉर्म कैसे भरते है? कुछ विषय में कम नंबर आए हैं, क्या उत्तर पुस्तिका की जांच कराना सही है? जैसे प्रश्न पूछा जा रहे हैं।

### अब भी तनाव में

कई छात्र ऐसे हैं, जो अब भी तनाव में हैं। इनमें कई टॉपर्स भी हैं, जो अच्छे अंक नहीं कारण असंतुष्ट हैं। कई छात्र ऐसे हैं, जो परीक्षा में कुछ अंक से चूक गए हैं। इन छात्रों ने पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन दिए हैं। अपने परिणाम को लेकर ये विद्यार्थी भी तनाव में हैं। कई छात्र पूरक परीक्षाओं की तारीख पूछ रहे हैं। मंडल विशेषज्ञ द्वारा उन्हें मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

**धर्म लाइव**

## युवाओं को अच्छे संस्कार देने शदाणी दरबार में 19 से कार्यशाला



**रायपुर।** शहर के शदाणी दरबार में आध्यात्मिक ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें युवाओं व बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, क्योंकि प्रशिक्षण ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए एक संगठित और सुव्यवस्थित प्रक्रिया होती है। यह कार्यशाला 19 मई से 2 जून तक चलेगी। दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी एवं सेवादारी संतोष चंदवानी ने बताया, छात्र-छात्राओं को अलग-अलग क्षेत्रों में दक्षता रखने वाले प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देने का कार्य हर साल किया जाता है। इसके साथ ही 15 दिन का शिविर निशुल्क पूज्य संत द्वारा किया जाता है।

### ऑनलाइन जुड़ते हैं देशभर से बच्चे

पिछले 5 वर्षों से ऑनलाइन माध्यम के जरिए पूरे देश से बच्चे जुड़ते हैं। आयोजन का यह 15वां वर्ष है। इस ज्ञानवर्धक शिविर से उनके भीतर की प्रतिभा निखारने में उन्हें बड़ा सहयोग प्राप्त होगा है। हर वर्ष की भांति पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में युवाओं के लिए ज्ञानवर्धक शिविर का 15 दिवसीय कार्यशाला रखी जाती है। इस दौरान व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा, धार्मिक एवं पुरातन संस्कृति से उन्हें अवगत कराया जाता है और अभ्यास कराया जाता है। इसमें विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वे शदाणी दरबार में संपर्क कर सकते हैं। बच्चों की गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग हो सके और वे कुछ बेहतर सीखें, इसलिए प्रतिवर्ष यह आयोजन समाज द्वारा किया जाता है।

**कैंपस लाइव**

## वर्कशॉप में मेंटर्स बने विद्यार्थी सिखाए एंब्रॉयडरी व डेकोरेशन



**रायपुर।** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन अर्थात एनआईएफडी की ओर से आयोजित 7 दिवसीय क्रिएटिव वर्कशॉप का मंगलवार को समापन हुआ। फैशल डिजाइनिंग से जुड़े स्टूडेंट्स के लिए यह आयोजित किया गया था। इस वर्कशॉप की खास बात यह रही कि इसमें छात्रों ने मेंटर्स के रूप में काम किया और कई क्रियेटिक स्किल्स सिखाए। इस वर्कशॉप में इंस्टिट्यूट से बाहर के छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं भी शामिल थी। वर्कशॉप में छात्रों ने लिप्पन आर्ट, बेसिक मेकअप, एंब्रॉयडरी, शूज डेकोरेशन, कपड़ों का पुनः उपयोग और डाइनिंग एटीकेट्स जैसी कला और स्किल्स लोगों को सिखाए। लोगों ने इन सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नई चीजें सीखकर बहुत आनंदित हुए।

### नया सीखने का मिला मौका

वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी लोगों ने इसे अपने लिए एक नई और रोमांचक अनुभव बताया। समर वर्कशॉप ने लोगों को अपनी क्रिएटिविटी को बढ़ाने और कुछ नया सीखने का मौका दिया। डायरेक्टर्स विक्रम खंडेलवाल व टीना खंडेलवाल ने बच्चों के क्रिएटिविटी की सराहना की और बताया कि एनआईएफडी इस तरह के और भी कार्यक्रम आयोजित करने की दिशा में प्रयासरत है ताकि कला और क्रिएटिविटी को और भी प्रोत्साहन मिल सके।

**समाज इवेंट**

## विद्यार्थी छुट्टियों का करें सदुपयोग हर दिन सीखें नई उपयोगी कला



**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय में इस समय विभिन्न विषयों और विधाओं में प्रशिक्षण के लिए ग्रीष्मकालीन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी इन कक्षाओं में युवाओं और अन्य आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है। ये सभी कक्षाएं 15 जून तक चलेंगी। इनमें वीडियो एडिटिंग, योग, स्पोकन इंग्लिश, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, बेसिक कंप्यूटर, इंगले जुम्बा डांस समेत प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की कक्षाएं शामिल हैं। इन सभी कक्षाओं में प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के बाद विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। इन कक्षाओं के विषय में महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.वीके अग्रवाल ने कहा कि हर कार्य समुदाय के विकास के लिए समर्पित हो, इसी संकल्प के तहत प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन कक्षाएं संचालित की जाती हैं।

### 15 जून तक चलेंगी कक्षाएं

समिति के सचिव एवं महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा, ग्रीष्मकालीन कक्षाओं के जरिए युवाओं को छुट्टी के समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसी वजह से इन कक्षाओं को प्रतिभागियों का अच्छा प्रतिसाद मिलता है। प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत ने कहा कि महाविद्यालय ने अध्ययन-अध्यापन के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक गतिविधियों से अपनी विशेष पहचान कायम की है। ये सभी कक्षाएं आगामी 15 जून तक संचालित होंगी। इन कक्षाओं के संयोजन तथा संचालन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों तथा स्टाफ भी सक्रिय रुप से जुड़ा हुआ है।

● रविवि के छात्रों ने बनाए रोचक प्रोजेक्ट, इसमें रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान

# 2500 रुपए के डिवाइस से मिलेगी किसानों को मौसम संबंधित जानकारी सौर ऊर्जा की मदद से चलेगा ग्रास कटर, 'अंधा मोड़' के लिए डिवाइस

"पं.रविशंकर शुक्ल विवि के छात्रों ने विविध तरह के प्रयोग करते हुए कई मॉडल तैयार किए गए हैं। रविवि के इलेक्ट्रॉनिक्स व फोटोनिक्स डिपार्टमेंट के छात्रों ने इसे तैयार किया है। छात्रों को मिले एक प्रोजेक्ट के अंतर्गत कई तरह के मॉडल बनाए गए हैं।







**रायपुर।** इनकी खास बात यह है कि ये रोचक होने के साथ-साथ रोजमर्रा की समस्याओं को भी आसानी से हल करने में सक्षम हैं। छात्रों ने टीम वर्क कर इन्हें तैयार किया है। कई छात्र ऐसे भी रहे, जो शुरुआती प्रयास में विफल रहे, लेकिन लगातार मेहनत करते हुए अपने मॉडल को अंतिम रूप दिया। जानिए छात्रों ने किस तरह के मॉडल इस प्रोजेक्ट में तैयार किए हैं।



### किसानों के लिए किया तैयार

अब्दुल और सतीश कुमार सिन्हा ने बताया, वर्कशॉप के दौरान हमने आईओटी बेस्ड वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया है। जिससे मौसम की जानकारी मिल सकती है। विशेष तौर पर इसे किसानों के लिए तैयार किया गया है। महाविद्यालय के जियोलॉजी डिपार्टमेंट में वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम पहले से लगा हुआ है, जिसकी कीमत 1 लाख 50 हजार है। कीमत अधिक होने के कारण मध्यम वर्ग के किसानों के लिए इसे खरीद मुश्किल है। जिसे ध्यान में रखते हुए, हमारी टीम ने 2500 रुपए में वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया है। जिसे तैयार करने में एक महीना का वक्त लगा। लगातार 6 बार जियोलॉजी डिपार्टमेंट में विजिट करने और 10 से 12 बार असफल होने के बाद इसे तैयार किया गया है। जिसमें मौसम संबंधित विभिन्न जानकारी सेंसर की मदद से दी जाती है, भविष्य में इसे अपडेट किया जाएगा।

### ब्लाइंड टर्न ट्रैफिक इंडिकेटर

चिनमय बिसवास और विनाश ने बताया, मॉडल को तैयार करने में लगभग 40 से 45 दिनों का वक्त लगा। कोंडागांव की निवासी होने के कारण रास्ते में केसकाल घाटी से शहर आना जाना पढ़ता है, जिसके चलते सड़क दुर्घटना की समस्या अधिकतर देखने को मिलती हैं। हमारे द्वारा ब्लाइंड टर्न ट्रैफिक इंडिकेटर मॉडल तैयार किया गया है, जिससे अंधा मोड़ के स्थानों पर उपयोग किया जा सकता है। मशीन में सेंसर लगा हुआ है, जिसके सामने वाहन आने पर उसमें लगा एलइडी लाइट जलने लगेगा। जिससे वाहन चालक को पहले ही सुचना मिल जाएगी। इसे तैयार करने में केवल 400 से 500 रुपए ही खर्च हुआ है।

### सूखे कचरे से बिजली

मनीराम और निकिता मेहर ने बताया, हमारा मॉडल घर या अन्य स्थानों से निकले सूखे वेस्ट को जलाकर उससे इलेक्ट्रिसिटी तैयार करने का कार्य करता है। सोलर पैनल और थर्मो इलेक्ट्रिक पैनल के उपयोग से यह कार्य करता है। जिसे 2500 रुपए की लागत में 15 से 20 दिनों में ही तैयार कर लिया गया है। उपयोग के दौरान कुछ सूखा कचड़ा को जलाया गया, जिससे 12 से 13 वोल्ट का इलेक्ट्रिकल एनर्जी प्राप्त हुआ।

### पानी की गंदगी साफ करेगा वॉटर बोट

खिलेश्वर साहू और चैतन्या साहू ने बताया, वॉटर बॉडी में एकत्र कचड़े को साफ करने के लिए मॉडल तैयार किया गया है। जिसकी विशेषता यह है कि यह सोलर के माध्यम से कार्य करता है। बाजारों में मौजूद मशीन इलेक्ट्रिसिटी के उपयोग से कार्य करता है, यह पहला मशीन है जिसे सोलर के माध्यम से संचालित किया जा सकता है। इसे तैयार करने में 2 माह का वक्त लगा, जिसे लगभग 1300 रुपए की लागत से तैयार किया गया। अगले सेमेस्टर में इसे अपडेट किया जाएगा, जिससे तालाब में एकत्र कचड़े को सेंसर के माध्यम से अलग किया जाएगा।

### रिमोट से कंट्रोल होगा ग्रास कटर

चन्द्रकांत निर्मलकर और दिव्यांश ने बताया, गाडन की साफ-सफाई में होने वाली समय की बरबादी को रोकने एवं सुविधा के लिए मशीन तैयार किया गया। जिसमें सोलर पैनल का उपयोग किया गया है। इस मशीन की विशेषता है कि इसे रिमोट से कंट्रोल किया जा सकता है। इसके इस्तेमाल में वायु प्रदूषण नहीं होता, जिसे तैयार करने में एक माह का वक्त लगा है। आने वाले दिनों में मशीन में कई बदलाव देखने को मिलेगा।

### मूक-बधिर व्यक्तियों के लिए स्मार्ट हैंड ग्लव्स

श्रीकांत और नविता साहू ने बताया, हमारा यह प्रोजेक्ट मूक-बधिर व्यक्तियों के लिए तैयार किया गया है। सामान्य व्यक्ति के लिए साइन लैंग्वेज में बात कर पाना मुश्किल होता है, जिसे समझने के लिए यह तैयार किया गया। इसे तैयार करने में 3 से 4 माह का वक्त लगा, जिसे 3400 रुपए के खर्च में तैयार किया गया। मॉडल की शुरुआत करने से पहले हमने 30 से 40 रिसर्च पेपर का अध्ययन किया। स्मार्ट हैंड ग्लव्स फॉर कम्यूनिकेशन मॉडल में 125 साइन लैंग्वेज शामिल किया गया है, जो हाथों के मूवमेंट से इसकी जानकारी दे सकता है।



## यूपीएससी ने जारी किए आर्थिक सेवा चिकित्सा परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन

रायपुर। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से भारतीय आर्थिक सेवा व भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2024 और सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा 2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर परीक्षा तिथियों को घोषित कर दिया गया है। यह नोटिफिकेशन यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जारी किया गया है। अभ्यर्थी एग्जाम डेट की जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। अधिसूचना के मुताबिक, यूपीएससी आईईएस/आईएसएस भर्ती के लिए एग्जाम का आयोजन 21, 22 एवं 23 जून 2024 को किया जायेगा वहीं यूपीएससी सीएमएस परीक्षा का आयोजन 14 जुलाई 2024 को किया जाएगा। एग्जाम का आयोजन दो शिफ्ट में करवाया जाएगा।

### एडमिट कार्ड कुछ दिन पूर्व

यूपीएससी की ओर से इन एग्जाम्स के लिए एडमिट कार्ड परीक्षा से कुछ दिन पूर्व जारी किए जाएंगे।

सत्यमेव जयते
UPSC

इसके बाद आवेदन करने वाले अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर मांगी गई डिटेल दर्ज कर इसे डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि वे एग्जाम के दिन एडमिट कार्ड एवं एक वैलिड पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं, बिना एडमिट कार्ड एवं पहचान पत्र के आपको परीक्षा हॉल में एंट्री नहीं दी जाएगी।

### 30 पदों पर होगी नियुक्ति

यूपीएससी की ओर से भारतीय आर्थिक सेवा के लिए 18 पदों और भारतीय सांख्यिकी सेवा भर्ती के माध्यम से कुल 30 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसके अलावा सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा 2024 के जरिए कुल 827 रिक्त पदों पर भर्तियां की जाएंगी। भर्ती से जुड़ी अन्य डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### यूजीसी ने खोली नेट करेक्शन विंडो

यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों के लिए अपडेट जारी हुई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के जून 2024 सत्र में सम्मिलित होने के लिए पंजीकरण किए उम्मीदवारों के सब्मिट किए गए आवेदन में सुधार के लिए करेक्शन विंडो ओपन कर दी है। एजेंसी द्वारा मंगलवार से ओपेन की गई एप्लीकेशन करेक्शन विंडो के माध्यम से कैंडिडेट्स 23 मई की रात 11.59 बजे तक सुधार कर सकेंगे।

## 108 बार महामृत्युंजय मंत्र जाप भोलेनाथ की हुई विशेष आराधना



रायपुर। पांच दिवसीय महा सुहृत महा शाक्त यज्ञ के तीसरे दिवस यज्ञ सुबह 6 बजे प्रारंभ हुआ। इस दौरान पुरोहितों के साथ भक्तों ने 108 बार महा मृत्युंजय मंत्रों का जाप कर भोलेनाथ की विशेष पूजा की। संध्या काल में मां दुर्गा की विशेष पूजा हुई। राजीव रकुल ने कहा, जब शिव और विष्णु गण आपस में संघर्षरत हुए तो संपूर्ण विश्व त्रस्त हो गया था। ब्रह्मा देव ने प्रार्थना की और हस्तक्षेप कर युद्ध को रोकने के लिए आदि शक्ति का आह्वान किया। आदि पराशक्ति ने दुर्गा के रूप में एक हाथ में भगवान शिव और दूसरे हाथ में भगवान विष्णु को चारित कर उन्हें तथा उनके गणों के बीच संघर्ष विराम कराया था। विशेष अनुष्ठान में बड़ी संख्या में भक्तगण सुबह से शदाणी दरबार पहुंचे हुए थे।

### राम की तलाश में भटकते रहे भरत

यज्ञ के जरिए लोगों को बताया गया कि वर्तमान छत्तीसगढ़ में दंडकारण्य की अधिष्ठात्री देवी वनदुर्गा का आह्वान भगवान राम ने सीता और लक्ष्मण के साथ अपने वनवास के दौरान किया था। भगवान राम ने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि उनके भाई भरत अयोध्या छोड़ कर उनकी तलाश में घने जंगल में घूम रहे हैं। उनकी रक्षा के लिए वनदुर्गा का आह्वान श्रीराम द्वारा किया गया था। वर्तमान में भी वनदेवी ही सभी तरह की प्राकृतिक आपदाओं से हमारी रक्षा करती हैं।

**कलाकारों द्वारा पेश की गई नरसिंह एवं दानवों की झांकी**

**कार्नर न्यूज**

# घरों से रोट का भोग तैयार कर पहुंची महिलाएं, 151 किलो दूध से अभिषेक, स्वर्ण-रजत आभूषणों संग नरसिंह अवतार का श्रृंगार

**रायपुर।** भगवान विष्णु ने नरसिंह का अवतार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को लिया था। मंगलवार को बूढ़ातालाब के सामने ब्रम्हपुरी क्षेत्र स्थित नरसिंग मंदिर में भगवान का अवतरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से देर रात तक मंदिर प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत देवदास ने बताया, छत्तीसगढ़ के सबसे प्राचीन मंदिर में एक भगवान नृसिंह का मंदिर है। जिसकी स्थापना लगभग साढ़ ग्यारह साल पहले की गई है। प्रत्येक वर्ष भगवान नरसिंह का प्रकट उत्सव मनाया जाता है, जिसके लिए मंदिर प्रांगण में एक माह पहले से तैयारी शुरु की गई थी। मंदिर में भगवान विष्णु के नर और पशु के मिश्रित अवतार के रूप में नरसिंह विराजित हैं। इस अवसर पर वेद नारायण सिंह, अजय तिवारी, किशन जैन और अम्बा राजपूत उपस्थित रहे।





### सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुई पूजा-अर्चना

मंगलवार को नरसिंग अवतार दिवस के चलते सुबह से ही मंदिर परिसर में कार्यक्रम लगातार जारी रहा। जिसमें सुबह 8 बजे से पूजा-अर्चना जारी रही। इस अवसर पर 151 किलो दूध से भगवान नरसिंह की प्रतिमा का अभिषेक किया गया, जिसके पश्चात हवन प्रारंभ किया गया। हवन के पूर्व भगवान की प्रतिमा का चमचमाती पोशाक के साथ श्रृंगार किया गया। इस दौरान स्वर्ण एवं चांदी के आभूषण प्रभु को धारण कराए गए।



### शोभायात्रा का आयोजन

मंदिर परिसर में हवन के पश्चात लगभग एक हजार श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। जिसमें बाद शाम 4 बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा की शुरुआत की गई। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से भुनेश्वर मंदिर, सिद्धार्थ चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान मंदिर के सदस्य एवं शहरवासी शामिल रहे। इस दौरान कलाकारों द्वारा नरसिंह एवं दानवों की झांकी देखने को मिली। अवतरण दिवस के अवसर पर मुख्य रुप से 'रोट' का भोग भगवान को अर्पित किया गया। महिलाएं अपने घरों से भी रोट का प्रसाद तैयार कर मंदिर परिसर में पहुंच रही थी।



### मनमोहक झांकी

शोभायात्रा के पश्चात कलाकारों द्वारा मंदिर परिसर में झांकी की प्रस्तुति दी गई। जिसमें राजा हिरण्यकश्यप का वध करने के लिए भगवान विष्णु ने नरसिंग का अवतार धारण किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रकट उत्सव मनाया। शाम को मंदिर में महाआरती के साथ प्रसादी वितरण किया गया।

ज्योतिष शास्त्र

## लोहे का छल्ला बिना कारण धारण करने की मत करना भूल



हर धातु का महत्व किसी ना किसी ग्रह से जुड़ा है। इसीलिए हर धातु को को पहनने से पहले उससे जुड़े नियमों का पालन करना बहुत जरुरी है। धरती में सबसे ज्यादा पाया जाने वाला तत्व है लोहा। शनि को मजबूत बनाने के लिए लोहा जरुर धारण करें। अगर आपकी कुंडली में शनि बहुत खराब स्थिति में हो तो लोहे की अंगूठी पहन सकते हैं।

**शनिवार को न खरीदें, उपहार में मिले तो शुभ :** लोहे का छल्ला शनिवार के दिन बिलकुल भी ना खरीदें। शनिवार के दिन लोहा खरीदना अशुभ माना जाता है। लोहे का छल्ला नजर दोष से बचाती है। अगर आपको लोहे का छ्ल्ला उपहार में मिलता है तो यह शुभ माना जाता है। लोहे की अंगूठी को हमेशा मध्यमा उंगली में पहनना चाहिए। मध्यमा उंगली शनि की उंगली कहलाती है, इसीलिए शनि की ढैय्या, शनि की साढ़ेसाती या शनि की महादशा से मुक्ति पाने के लिए आप लोहे की अंगूठी पहन सकते हैं।

**शनि ग्रह की सस्थिति देखकर ही करें धारण:** जिन लोगों की कुंडली में शनि प्रमुख स्थान पर हैं या शनि की स्थिति मजबूत हैं तो वो लोग लोहे की अंगूठी ना पहनें। अगर आप लोहे की अंगूठी पहनते हैं तो आपको जीवन में चुनौतियों को सामना करना पड़ता है और फायदे की जगह नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**ये ग्रह साथ हैं तो छल्ला पहनना वर्जित :** जिन लोगों की कुंडली में बुध, सूर्य, शुक्र एक साथ हो तो वो लोग लोहे का छल्ला ना पहनें। ऐसे लोगों को नुकसान हो सकता है। लोहे का छल्ला पहने से पहले हमेशा किसी विशेष सलाहकार से सलाह जरुर लें।

## 5, 14 और 23 अंक वालों में होती हैं ये खूबियां



ज्योतिष में बच्चे का नाम और उनकी डेट ऑफ बर्थ को बहुत माना जाता है। बच्चे का नाम किस अक्षर से शुरू हो रहा है और डेट ऑफ बर्थ के हिसाब से क्या मूलांक बन रहा है। मूलांक का अपना-अलग महत्व होता है। उसके हिसाब से बताया जा सकता है कि बच्चा बड़ा होकर कैसा बनने वाला है या उसमें क्या क्वालिटी होंगी। आज हम आपको उन तारीखों के बारे में बताते हैं जिन पर अगर किसी बच्चे का जन्म हुआ हो तो वो बहुत बुद्धिमान होता है। अगर आपके बच्चे का जन्म भी इन्हीं तारीखों पर हुआ है तो पढ़ लें उसकी खासियत। हम जिन तारीखों की बात कर रहे हैं वो हैं 5,14 और 23। इन तीनों तारीखों का मूलांक 5 होता है।

**बुद्धिमान होते हैं ऐसे लोग :** जिन लोगों का मूलांक 5 होता है उनका स्वामी बुध होता है। बुध ज्ञान का प्रतीक होता है। इस वजह से ही जिन लोगों का मूलांक 5 होता है वो बुद्धिमान होते हैं। बचपन से है ये बच्चे होशियार होते हैं।

**साहसी होते हैं ऐसे लोग :** मूलांक 5 वाले लोग बुद्धिमान के साथ साहसी भी होते हैं। अगर वो अपनी जगह सही हैं तो वो किसी भी काम को करने से पीछे नहीं हटते हैं। ये उनकी खासियत होती है। इस वजह से ही ये जिंदगी में खूब आगे जाते हैं। परेशानियों से डर के पीछे भागना इनकी आदत नहीं होती, इसलिए ये हर स्थिति का साहस से सामना करते हैं।

**चैलेंज स्वीकार करते हैं :** 5 मूलांक वाले लोगों की खासियत होती है कि वो किसी भी चैलेंज को लेने से पीछे नहीं हटते हैं। वो हर चैलेंज को स्वीकार करते हैं और उसे अपने दम पर हमेशा जीतते हैं। रिस्क लेने से भी पीछे नहीं हटते हैं।

**बिजनेस होता है सफल :** मूलांक 5 वाले लोगों में ये खासियत होती है कि वो रिस्क लेने से पीछे नहीं हटते हैं। उन्हें रिस्क लेना पसंद होता है। इसी वजह से इनका बिजनेस हमेशा सफल होता है। जिसकी वजह से ये ऊंचा मुकाम हासिल करते हैं।

5 मूलांक के लोग बहुत ही खुशमिजाज स्वभाव के होते हैं। ये अपने हसी-मजाक के स्वभाव से लोगों का दिल जीत लेते हैं। इनका मजाकिया रवैया अक्सर लोगों को बहुत ही पसंद आता है। यह अपनी बुद्धिमत्ता से खूब पैसा कमाते हैं। समाज में भी खूब मान-सम्मान मिलता है।

### सिरदर्द को दूर करने सोना भी है जरूरी

# इन तरीकों से दूर कर सकते हैं सिर का दर्द, करें घरेलू उपाय

कभी रात में देर तक जागना तो कभी बिना रुके ऑफिस में काम करना और समय पर नाश्ता या लंच ना करना भी सिर के दर्द का कारण बन सकता है। गर्मियों के मौसम में अगर थोड़ी भी देर धूप में निकला जाए तो सिर का दर्द जकड़ लेता है। कहते हैं सिर में दर्द होने लगे तो कुछ देर सोने की कोशिश करनी चाहिए, लेकिन हर समय ऐसा करना मुमकिन नहीं होता है। इसीलिए सिर में दर्द होने पर कुछ आम घरेलू नुस्खे आजमाकर देखे जा सकते हैं। इन नुस्खों को आजमाना बेहद आसान हैं और इनसे सिर के दर्द से कुछ ही देर में आराम मिल सकता है।



### खाएं ये फूड्स

कई बार लो ब्लड शुगर होने पर भी सिर का दर्द सता सकता है। ऐसे में कुछ खाने-पीने पर सिर दर्द ठीक हो जाता है। खासतौर से मैग्नीशियम के सेवन से सिर दर्द में आराम मिलता है। बादाम, ब्लैक बींस, पालक, कद्दू के बीज और चिया सीड्स मैग्नीशियम के अच्छे स्त्रोत होते हैं।

### कैफीन का सेवन करना

चाय या कॉफी पीने पर भी सिर के दर्द से राहत मिल सकती है। चाय और कॉफी में कैफीन होता है जो सिर का दर्द कम करने में असर दिखाता है।



### तुलसी के पत्ते

औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी के पत्तों के फायदे सिर के दर्द में भी दिखते हैं। कुछ तुलसी के पत्ते धोकर एक कप पानी में डालें और इस पानी को उबालकर कप में छान लें। इस चाय को पीने पर भी सिर का दर्द कम होने लगता है।

### अदरक दिखाएगा असर

सिर के दर्द से राहत पाने के लिए अदरक का सेवन किया जा सकता है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण रक्त धमनियों की इंफ्लेमेशन कम करते हैं जिससे सिर के दर्द से राहत मिलने लगती है। अदरक के रस में थोड़ा नींबू का रस मिलाकर पीने पर सिर का दर्द कम हो सकता है। इसके अलावा, एक गिलास पानी में 2 चम्मच अदरक का पाउडर मिलाकर पीने से भी दर्द से राहत मिल जाती है।

### लौंग आएगी काम

तेज सिर दर्द को कम करने के लिए लौंग का सेवन किया जा सकता है। लौंग के पेन रिलिविंग गुण सिर दर्द को कम करने में अच्छा असर दिखाते हैं। एक साफ रुमाल लेकर उसमें कुछ कुटी हुई लौंग डाल लें. इस रुमाल को सूंघने पर सिर के दर्द से राहत मिल सकती है। इसके अलावा सिरदर्द होने पर लौंग के तेल को नारियल के तेल में मिलाकर सिर पर मलने से भी दर्द में आराम मिलता है।

## बवासीर-पाचन के लिए रामबाण है ये ड्रिंक, कई रोगों में लाभकारी



गर्मी के मौसम में छाछ गजब का देसी पेय पदार्थ है। ये शरीर को ताजगी, ठंडक और सुकून प्रदान करता है। इसका सेवन कई बीमारियों में लाभदायक है। इससे पेट को काफी राहत मिलती है। कब्ज जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। इसमें सोंठ, काली मिर्च और पिप्पली मिलाकर पीने से कफ से होने वाली समस्यायों से राहत मिलती है। गुड़ मिलाकर पीने से पेशाब में दर्द की समस्या खत्म होती है। हींग, जीरा और सेंधा नमक मिलाकर पीने से उक्त तमाम बीमारियां शरीर से दूर होने के साथ कलेजे को ठंडक और सुकून मिलता है।

यह एक देसी प्रक्रिया से तैयार होने वाला गर्मी के दिनों में हर किसी के लिए अमृत समान पेय पदार्थ है। शुद्ध देसी दही को देर तक मंथन कर मलाई को अलग करने के बाद लगभग एक चौथाई पानी मिलाकर इसे तैयार किया जाता है। कई बीमारियों में यह बहुत लाभकारी और गुणकारी है। इस छाछ यानी मट्ठे में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जैसे - इसमें विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन ई, कैल्शियम और पोटेशियम इत्यादि. आयुर्वेद के अनुसार इसमें से घी और मक्खन निकल जाने के कारण यह बहुत हल्का और सुपाच्य बन जाता है, जो शरीर को ताजगी की प्रदान करता है।

ज्यादातर छाछ को मिट्टी के बर्तन में ही रखकर प्रयोग करना चाहिए। बरसात के मौसम में इसका प्रयोग न करें। अगर गठिया या जोड़ के दर्द की समस्या हो तो इसमे छौंक लगाकर थोड़ा गुनगुना ही सेवन करें। इसके अलावा अगर कोई पुरानी बीमारी हो तो एक आयुर्वेद चिकित्सक से परामर्श लेकर ही इसका प्रयोग करें। क्योंकि सही मात्रा उम्र और बीमारी के हिसाब से एक एक्सपर्ट ही निर्धारित कर सकता है।

## पीरियड्स रेगुलर होने के बाद भी हो सकती है पीसीओएस की समस्या

पीरियड्स रेगुलर होने के बाद भी क्या पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम की समस्या हो सकती है? जवाब है हां, पीसीओएस होने पर रेगुलर पीरियड्स होने के बाद भी ये लक्षण शरीर में दिखते हैं। पीसीओएस एक हार्मोनल इंबैलेंस की समस्या है। जिसमे महिलाओं के शरीर में ओवरी के बाहर छोटे-छोटे सिस्ट बन जाते हैं। इन लिक्विड से भरे सिस्ट में अविकसित अंडे होते हैं। जिसकी वजह से रेगुलर अंडे बनने बंद हो जाते हैं। पीसीओएस की समस्या का सटीक कारण नहीं पता होता। लेकिन ज्यादातर मोटी लड़कियों में इसकी समस्या देखने को मिलती है। हालांकि वो महिलाएं या किशोर लड़कियां जो पतली हैं और रेगुलर पीरियड्स होते हैं। उन्हें भी पीसीओएस की समस्या हो सकती है। जिसकी वजह से फ्यूचर में प्रेग्नेंसी में दिक्कतों के अलावा टाइप 2 डायबिटीज और हार्ट डिसीज होने का खतरा रहता है। रेगुलर पीरियड्स होने के बाद भी अगर ये लक्षण दिख रहें तो समझ जाएं कि पीसीओएस की समस्या है।



### इंसुलिन रेजिस्टेंस

इंसुलिन हार्मोन शरीर को एनर्जी देने का काम करता है। लेकिन जब सेल्स इंसुलिन की क्रिया के प्रति रिएक्ट नहीं करता तो ब्लड ग्लूकोज का लेवल बढ़ जाता है। जिससे बॉडी को ज्यादा इंसुलिन बनाना पड़ता है। जिससे कि ब्लड शुगर लेवल कम हो जाए। ज्यादा मात्रा में इंसुलिन की वजह से शरीर में मेल हार्मोन एंड्रोजन बनने शुरू हो जाते है। जिससे ओवेल्यूशन में दिक्कत होती है। अगर किसी महिला की फैमिली हिस्ट्री में पीसीओएस की समस्या है तो पैदा होने के चांस ज्यादा रहते हैं।

### कब मिलें डॉक्टर से

अगर रेगुलर पीरियड्स होने के बाद भी शरीर में इस तरह के लक्षण दिख रहे हैं तो ये पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम की समस्या हो सकती है। जिससे निपटने के लिए सही डाइट और उपचार की जरूरत होती है।

### पीसीओएस के कारण

पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम होने के लिए सटीक कारण का पता नहीं, लेकिन इन वजहों से हो सकता है।



## रसोई में इन 3 चीजों का गिरना माना जाता है अशुभ

हर इंसान के रोजमर्रा की जिंदगी में कई समस्याएं होती हैं। वास्तु शास्त्र में लगभग हर परेशानी का कोई न कोई उपाय बताया गया है। डेली लाइफ में हर इंसान को वास्तु के नियमों का पालन करना चाहिए। जो लोग इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, उन्हें वास्तु दोष लग सकता है, जिसका सीधा असर परिवार के किसी भी सदस्य के स्वास्थ्य पर पड़ता है। वास्तु शास्त्र एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो घरों में सुख समृद्धि लाने के लिए दिशाओं और ऊर्जा के सिद्धांतों का उपयोग करता है। वास्तु शास्त्र का मानना है कि घर में मौजूद हर वस्तु और हर स्थान का हमारे जीवन पर प्रभाव पड़ता है। रसोई घर, घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जहां भोजन बनाया जाता है। अक्सर आपने देखा होगा कि किचन में काम करते समय कुछ न कुछ सामान नीचे गिर जाता है और ऐसा होना बहुत सामान्य है। मगर वास्तु शास्त्र में कुछ खास चीजों का गिरने को अशुभ माना जाता है, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा और दुर्भाग्य का संकेत हो सकता है। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि किन-किन चीजों के गिरना आपके आमदनी और स्वास्थ्य के लिए अपशगुन माना जाता है।

### 1. सरसों का तेल का गिरना

किसी भी सब्जी को बनाते समय ज्यादातर लोग सरसों के तेल का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए लगभग सभी किचन में सरसों का तेल मौजूद होता है। ऐसे में किचन में सरसो के तेल का गिरना बहुत सामान्य घटना है। मगर वास्तु शास्त्र के अनुसार सरसों के तेल का गिरना अशुभ परिणाम का संकेत हो सकता है। सरसों का तेल शनि ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। हिंदू धर्म में सरसों के तेल को शनिदेव से जोड़कर देखा जाता है। इसलिए अगर आपसे बार- बार सरसों का तेल गिरता है तो ये शुभ संकेत नहीं माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इसकी वजह से व्यक्ति को शनि से संबंधित कई परेशानियों घेर सकती हैं।

### 2. दूध का उबलते समय गिरना



हम बचपन से ही घरों में देखते आएं हैं कि मां किचन में दूध रख कर कोई काम करती हैं और थोड़ी देर बाद पता चलता है कि दूध गिर गया है। लगभग सभी लोगों के पास किचन में उबलते हुए दूध से जुड़ा कोई न कोई किस्सा जरूर होगा। इसलिए ये कहना गलत नहीं होगा कि किचन में दूध का उबलते हुए गिरना बहुत आम बात है। मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि वास्तु शास्त्र के अनुसार ऐसी घटनाओं का बार- बार होना घर में समस्याओं का संकेत होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दूध को चंद्र ग्रह से जोड़कर देखा जाता है। इसलिए अगर आपके किचन में बार- बार दूध गिरता है तो यह आपको कुंडली में चंद्र ग्रह के कमजोर होने का संकेत देता है। उबालते समय दूध को गिरने से बचाने का सबसे अच्छा उपाय है कि आंच पर दूध से भरे हुए बर्तन के ऊपर करछुल रख दें।

### 3. नमक का गिरना

दुनिया में शायद ही कोई किचन होगा जहां नमक का इस्तेमाल नहीं होता है। इसलिए ये कहना गलत नहीं होगा कि लगभग हर रसोई घर में नमक मौजूद होता है। ऐसे में किचन में नमक का गिरना बहुत आम बात है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक नमक को चंद्रमा और शुक्र ग्रह का प्रतिनिधित्व माना गया है। इसलिए अगर किचन में बार-बार नमक गिरता है, तो इसका मतलब है कि आपके जीवन में परेशानियां बढ़ सकती हैं।

# कूलर की बदबू उड़ा रही होश तो देसी जुगाड़ आएंगे काम, हवा भी रहेगी एकदम फ्रेश

*गर्मी के मौसम में कूलर अक्सर हर घर में नजर आ जाता है। यह कम बिजली खर्च करके कमरे को ठंडा कर देता है और गर्मी से तुरंत राहत भी दिलाता है। कई बार कूलर से बेहद गंदी स्मेल भी आती है, जो मछली की बदबू जैसी लगती है। इसकी वजह से घर में रहना मुश्किल हो जाता है और पूरे घर का वातावरण दुर्गंध से भर जाता है। इस समस्या से ग्रसित लोग इससे कैसे निजात पाएं इसके लिए परेशान रहते हैं। आईए जानते हैं वो टिप्स जिनके जरिए आप कूलर की दुर्गंध समाप्त कर सकते हैं।*



### कूलर से क्यों आने लगती है बदबू?

अक्सर आप सोचते होंगे कि आपके कूलर से अचानक मछली जैसी बदबू क्यों आने लगती है? दरअसल, जब कूलर में कई दिन तक पानी चेंज नहीं किया जाता है तो वह पानी सड़ जाता है और उसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। इसकी वजह से कूलर से बेहद गंदी बदबू आने लगती है, जो मछली जैसी स्मेल लगती है।



### सबसे पहले आजमाएं यह तरीका

कूलर की बदबू से निजात पाने के लिए सबसे पहले तो उसका पानी एक-दो दिन में चेंज करना चाहिए। कूलर चलाने से पहले यह जरूर चेक कर लें कि उसका पानी चेंज किया गया है या नहीं। अगर पानी कई दिन पुराना नहीं रखना चाहिए नहीं तो उसमें बदबू के साथ ही कीटाणु व मच्छर भी पनपने लगते हैं।

### घास गंदी होने से भी होती है दिक्कत

अगर कूलर की घास काफी पुरानी हो गई है और गंदी नजर आने लगी है तो इसकी वजह से भी बदबू आने लगती है। दरअसल, यह घास बार-बार गीली होकर सूखने से खराब हो जाती है, जिसकी वजह से इसमें भी बैक्टीरिया पनपने लगते हैं और उनकी वजह से बदबू महसूस होती है। ऐसे में कूलर चलाने से पहले उसकी घास जरूर बदल लें।



### पानी-घास बदलने का वक्त नहीं तो यह भी ऑप्शन

कई बार ऐसा हो सकता है कि कूलर में भरने के लिए घर में पर्याप्त पानी ही न हो। इसके अलावा देर रात बदबू महसूस होने पर घास बदलने का ऑप्शन भी नहीं रहता है। ऐसे में आप फ्रेगरेंस की मदद से भी बदबू पर काबू पा सकते हैं। इसके लिए आप कूलर के पानी में नेचुरल एसेंशियल डाल दीजिए, जिससे उसकी खुशबू कमरे में फैल जाएगी और बदबू नहीं आएगी। अगर आपके पास नेचुरल एसेंशियल भी नहीं है तो थोड़ा-सा डिटर्जेंट पाउडर कूलर के पानी में डाल सकते हैं। इसकी मदद से भी बदबू की समस्या कुछ समय के लिए दूर हो जाती है।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'गेम ऑफ थ्रोन्स' सीरीज का आ रहा है एक और प्रीक्वल



दुनियाभर में मशहूर 'गेम ऑफ थ्रोन्स' सीरीज के चर्चे होते रहते हैं। इसके कई सीक्वल, प्रीक्वल और स्पिन-ऑफ बनने की बात चलती रहती है। 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' के नाम से इसका एक प्रीक्वल आ भी चुका है। इसके एक और प्रीक्वल प्रीक्वल 'अ नाइट ऑफ द सेवेन किंगडमः द हेज नाइट' पर जनता अपडेट का इंतजार कर रही थी। अब इस सीरीज को लेकर एक बड़ा अपडेट आ गया है। अब ये सीरीज अगले साल रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। प्रीक्वल सीरीज 'ए नाइट ऑफ द सेवेन किंगडमः द हेज नाइट' अगले साल 2025 में प्रीमियर की जाएगी। इस बात का खुलासा कैसी ब्लोयस ने बीते दिन एक इवेंट में किया। इस सीरीज के प्रोडक्शन का काम तेजी से चल रहा है। सीरीज की कहानी में वो वक्त दिखाया जाएगा, जब टार्गेरियन राजवंश सिंहासन पर राज किया करता था। प्रीक्वल की कहानी सर डंकन द टॉल की जर्नी पर बेस्ड होने वाली है, जो एक युवा, शांत, लेकिन साहसी शूरवीर है। इस किरदार को पीटर क्लैफ्री ने निभाया है।

### टॉलीवुड

## महेश और राजामौली की फिल्म में शामिल होगा यह साउथ सुपरस्टार ?



फिल्म निर्माता एसएस राजामौली इन दिनों महेश बाबू के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी शीर्षक एसएसएमबी 29 है। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। कुछ दिनों पहले फिल्म में वीरेन स्वामी के शामिल होने की अफवाहें थीं, जिसे निर्माताओं ने आधिकारिक बयान साझा कर खारिज कर दिया। वहीं, अब फिल्म में एक और साउथ अभिनेता के फिल्म में अहम भूमिका निभाने की चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म में नए कलाकार के रूप में शामिल होने उम्मीद है। कहा जा रहा है कि फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर निर्माता विचार कर रहे हैं। खबर है भी है कि एसएस राजामौली इस संभावित सहयोग के बारे में अभिनेता से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से कोई भी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

यदि पृथ्वीराज सुकुमारन इस फिल्म में शामिल होते हैं तो यह फैंस के लिए बड़ा तोहफा होगा। फिलहाल निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार करना होगा। पृथ्वीराज सुकुमारन हाल ही में 'द गोट लाइफ' के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके हैं। इससे पहले बीते दिन निर्माताओं ने जाने-माने कास्टिंग डायरेक्टर वीरेन स्वामी को काम पर रखने की अफवाहों का खंडन किया।

### भोजपुरी

## नोरा को भी फेल कर देने वाली भोजपुरी एक्ट्रेस का वीडियो वायरल



भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने भोजपुरी गाने पर कमाल का डांस किया है। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने लटके-झटके दिखा रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेसेस अपने डांस वीडियो से हर किसी का दिल बहलाती रहती हैं। खासकर नम्रता मल्ला के वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक भोजपुरी गाने पर उन्होंने कमाल का डांस किया और उनका ये डांस फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। नम्रता मल्ला के लटके-झटकों को देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं। इंटरनेट पर भोजपुरी गाने हमेशा गर्दा उड़ाते हैं लेकिन जब कोई भोजपुरी एक्ट्रेस उसपर परफॉर्म करते हुए वीडियो शेयर करती हैं तो उसकी बात ही अलग हो जाती है। नम्रता मल्ला की नई रील सामने आई है जिसे खूब तारीफें मिल रही हैं। नम्रता मल्ला ने ये वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। नम्रता ने जिस गाने पर डांस किया है उसका नाम 'पिंजरे वाली मुनिया' है। इस गाने में उनके लटके-झटके देखकर आप भी होश खो देंगे। ब्लैक आउटफिट में एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में नम्रता मल्ला वीडियो के लिए काफी पॉपुलर हैं। इंस्टाग्राम पर वो एक से बढ़कर एक रील्स बनाती हैं और साथ में यूट्यूब चैनल भी चलाती हैं। नम्रता मल्ला के लटके-झटके बॉलीवुड की आइटम नंबर करने वाली मलाइका अरोड़ा, नोरा फतेही जैसी एक्ट्रेसेस को कड़ी टक्कर देती हैं। 35 वर्षीय नम्रता मल्ला को भोजपुरी फिल्मों की सपना चौधरी कहा जाता है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर आप एक से बढ़कर एक गाने देखेंगे जिसपर उन्होंने जबरदस्त डांस किया है और उनके वीडियोज में खूब लाइक्स, कमेंट्स और व्यूज आते हैं। नम्रता मल्ला ने खेसारी लाल यादव और पवन सिंह जैसे सुपरस्टार्स के साथ भोजपुरी फिल्मों में डांस किया है।

## लाइफ स्टाइल




पेरिस। 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज ने डेब्यू किया। इस दौरान रेड कार्पेट पर उर्वशी ने गोल्डन शिमरी ड्रेस पहना था और इसमें वो काफी हसीन दिख रही थीं। इस लुक से उन्होंने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, उर्वशी रौतेला कान्स फिल्म फेस्टिवल की तस्वीरों के साथ फैंस को अपडेट दे रही हैं। उन्होंने कान्स से अबतक तीन लुक शेयर किए हैं। अब उन्होंने अपना एक आउटफिट शेयर किया है, जो एक्ट्रेस ने एमिलिया पेरेज के प्रीमियर के आगमन के दौरान पहना था। इस ड्रेस में वो बेहद खूबसूरत लग रही है। रेड कार्पेट के लिए उन्होंने शिमरी बॉडी हगिंग गाउन चुना था। इस आउटफिट को मिकेल डी कॉउचर ने डिजाइन किया था। उनकी आंखों, गालों और लिप्स पर हल्के गुलाबी रंग का मेकअप दिखा और उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा था। उन्होंने अपना वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो रेड कार्पेट पर पोज देते दिख रही है।

## ये फेशियल एक्सरसाइज हैं चेहरे के लिए अच्छी

अक्सर यह सवाल मन में कौंधता है कि जिस तरह शरीर को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज की जाती है क्या उसी तरह चेहरे को जवां बनाए रखने के लिए फेशियल एक्सरसाइज की जा सकती है। असल में रोजाना अगर फेशियल एक्सरसाइज की जाए तो इससे मसल्स मजबूत होती हैं और अपर और लोअर गाल भरे-भरे दिखने लगते हैं और त्वचा ज्यादा जवां नजर आती है। वहीं, रोजाना की फेशियल एक्सरसाइज एजिंग साइंस को कम करने में भी असर दिखा सकती है। यहां ऐसी ही कुछ फेशियल एक्सरसाइज का जिक्र किया जा रहा है जो त्वचा को जवां और खूबसूरत बना रखने में असरदार हो सकती हैं।



### जवां त्वचा के लिए फेशियल एक्सरसाइज

**चीक प्लम्पिंग :** नाम से ही जाहिर है कि यह एक्सरसाइज करने पर गाल प्लंप होने लगते हैं और भरे-भरे दिखते हैं। एक्सरसाइज करने के लिए अपने होंठों को गोलाई में घुमाकर ओ की शेप बनाएं। एक्सरसाइज करने के दौरान गालों के ऊपरी हिस्से पर उंगली रखें और गालों को नीचे की तरफ खींचने की कोशिश करें। इस फेशियल एक्सरसाइज को 5 से 7 बार करें. इस एक्सरसाइज से गालों की मसल्स टोन होती हैं और त्वचा का ब्लड फ्लो भी बढ़ता है।

**हैप्पी चीक्स स्क्लपटिंग :** इस एक्सरसाइज के लिए होंठों को दांतों के बीच दबाएं और मुस्कुराएं। इससे गालों की मसल्स पर जोर पड़ता है। दांतों के बीच होंठ दबाकर मुस्कुराने के साथ-साथ दोनों होंठों के किनारे पर उंगली रखकर होंठों के किनारे ऊपर की तरफ खींचने की कोशिश करें। 20 मिनट इस पोज को होल्ड करके सामान्य हो जाएं।

### आइब्रो लिफ्टर

चेहरे को शेप में लाने और आइब्रो लिफ्ट करने के लिए आइब्रो लिफ्टर एक्सरसाइज की जा सकती है। दोनों आइब्रो के नीचे 3 उंगलियां रखें और आंखे खोलने की कोशिश करें लेकिन साथ ही आइब्रो को ऊपर की तरफ खींचे। इस एक्सरसाइज को करते हुए आईबॉल्स को ऊपर की तरफ लेकर जाएं। 20 सेकंड इस एक्सरसाइज को करने के बाद सामान्य हो जाएं।

### किस-मिस

चेहरे को सीधा रखें और दोनों होंठों को सामने की तरफ मोड़कर किस जैसी शेप में लाएं। इस एक्सरसाइज से मुंह के आस-पास की त्वचा की मसल्स को मजबूत मिलती है और त्वचा में कसावट आती है। इससे त्वचा के लटकने की दिक्कत दूर होती है। 4 से 5 बार इस एक्सरसाइज को करें।

## लहंगे के साथ लेटेस्ट डिज़ाइन के ईयरिंग पहनकर दिखें और भी स्टाइलिश

फैशन



लहंगा बिना गहनों के अधूरा है। अगर आपने खुबसूरत लहंगे के साथ में लेटेस्ट डिज़ाइन की ज्वेलरी पहन ली तो आप सबसे सुंदर दिखेंगी। लहंगे के साथ ज्यादा गहने पहनने की जरूरत नहीं हैं। अगर आपने स्टेटमेंट ईयररिंग पहन लिए तो बस फिर आपको कोई और गहना पहनने की जरूरत नहीं है। ईयररिंग के डिज़ाइन मार्केट में हर बार नए आते हैं, लेकिन कुछ डिज़ाइन ऐसे होते हैं जो एवरग्रीन होते हैं और हर लहंगे के साथ मैच हो जाते हैं। तो आपको ऐसे ही ईयररिंग के लेटेस्ट डिज़ाइन दिखा रहे हैं जिन्हें आप एवरग्रीन तरीके से कभी भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

मोती के झालर वाले ईयररिंग के डिज़ाइन लहंगे केसाथ पहनने के लिए परफेक्ट हैं। अगर आपकी शादी हो रही हैं तो आप दुल्हन वाले लहंगे के साथ ऐसी ही ज्वेलरी पहनें और अगर आप सहेली की शादी में लहंगा पहनकर जा रही हैं तो आप लहंगे के साथ सिर्फ ये पर्ल डिज़ाइनर ईयररिंग पहनकर अपना लुक कम्पलीट कर सकती हैं।



मिरर ज्वेलरी का ट्रेंड भी एवरग्रीन है। इस डिज़ाइन के झुमके हों या बाली सब बेहद खुबसूरत लगते हैं। आप इस तरह के ईयररिंग लहंगे के साथ सिर्फ पहन लेंगी तो आपको कोई और गहना पहनने की जरूरत नहीं है। झुमके का फैशन भी बहुत ही पॉपुलर है। लेकिन हर तरह के फेस पर झुमके जचें ये जरूरी नहीं है। अगर आप झुमके पहनना पसंद करती हैं तो अपने फेसकट के हिसाब से बड़े या छोटे एक या तीन-चार लेयर वाले ईयररिंग के डिज़ाइन ले सकती हैं। झुमके के साथ लहंगा पहनकर जब आप पार्टी में जाएंगी तो लोग आपकी और आपके झुमकों की तारीफें जरुर करेंगे।

चांद बाली वाले ये ईयररिंग का डिज़ाइन खासकर लहंगे के साथ बेहद खूबसूरत लगता है। कुंदन और मोती से बने ये गोल्डन ईयररिंग आप लहंगे के अलावा साड़ी या सूट के साथ भी पहन सकती हैं, लेकिन खासकर ये ईयररिंग लहंगे के साथा ज्यादा खूबसूरत लगेंगे। लाख से बनें ये ईयररिंग यूं तो इंडिया के हर राज्य में मिलते हैं, लेकिन राजस्थान और गुजरान में इसके सबसे खूबसूरत डिजाइन आपको मिलेंगे। अगर आप रजवाड़ा या रॉयल लुक चाहती हैं तो आप लहंगे के साथ ऐसे ईयररिंग पहन सकती हैं।

## सिंपल से झुमकों को स्टाइलिश बनाएंगी ये चेन डिजाइन

हर महिला को झुमके पहनने का शौक होता है। बाजार में भी झुमकों की ढेरों वैरायटी और डिजाइन आपको मिल जाएंगी। मगर आजकल चेन के साथ झुमकों को स्टाइल करने का ट्रेंड देखा जा रहा है। बाजार में झुमकों की वैरायटी के साथ-साथ आपको उसमें लगने वाली चेन की भी एक से बढ़कर एक डिजाइन मिल जाएगी। चलिए आज हम आपको झुमकों के साथ लगने वाली कुछ चेन डिजाइंस दिखाते हैं, जिन्हें आप अलग-अलग आउटफिट्स के साथ कैरी कर सकती हैं।

**मल्टी कलर बीड्स झुमका झालर :** मल्टी कलर बीड्स वाली झुमका झालर को आप किसी भी ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बेस्ट बात तो यह है कि फेस्टिवल में रंग-बिरंगे कपड़े बहुत अच्छे लगते हैं, ऐसे में आप अगर इस तरह की झालर झुमके साथ पहनती हैं, तो आपकी सिंपल ड्रेस भी डिजाइनर दिखने लगेगी। आप इस तरह की झुमका चेन को बिल्कुल सिंपल साड़ी, सलवार सूट और लहंगे के साथ पहन सकती हैं। आप मल्टी कलर वाले झुमके के साथ अगर इस तरह की चेन पहनती हैं, तो झुमके का लुक और भी ज्यादा अच्छा लगता है।



### बाहुबली लॉन्ग चेन झुमका चेन

इस तरह की चेन को आप किसी हैवी लुक वाले झुमके के साथ कैरी कर सकती हैं। अगर आप किसी पार्टी वियर साड़ी, सलवार सूट या फिर शरारा सूट के साथ इस तरह की झुमका चेन कैरी करती हैं, तो आपका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आता है। आप इस तरह की झुमका चेन को कई तरह से स्टाइल कर सकते हैं। आप ओपन हेयर स्टाइल और जूड़ा लुक के साथ इसे कैरी कर सकती हैं। अगर आप बाहुबली लॉन्ग चेन झुमका चेन कैरी कर रही हैं, तो आपको अपनी बाकी की ज्वेलरी, जैसे- मांगटीका और नेकलेस आदि भी हैवी लुक वाला ही कैरी करना चाहिए।

## फेस मास्क से लेकर स्क्रब तक, नमक से ऐसे बनाएं स्किन को सॉफ्ट

गर्मियों में स्किन पर एक्स्ट्रा ऑयल और प्रदूषण की वजह से डेड स्किन जम जाती है। जिसे सेंधा नमक की मदद से दूर किया जा सकता है और सॉफ्ट ग्लोइंग स्किन पाई जा सकती है। गर्मियों में भी स्किन की देखभाल जरूरी है। नहीं तो एक्ने और पिंपल के साथ ही ड्राईनेस भी बढ़ने लगती है। नमक स्किन को सॉफ्ट एंड स्मूद बना सकता है। क्योंकि, इसमे मिनरल्स होते हैं और ये डेड स्किन को निकालने के लिए अच्छा नेचुरल स्क्रब है। लेकिन नमक को सीधे स्किन पर इस्तेमाल करना हार्मफुल हो सकता है। इसलिए फेस मास्क से लेकर स्क्रब के लिए इस तरह नमक का इस्तेमाल कर खूबसूरती को बढ़ाएं।



**नमक को मिलाकर बनाएं फेस मास्क :** चेहरे की स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग चाहिए तो नमक को फेस मास्क में मिलाकर फेस पैक तैयार करें। इसके लिए बस शहद के दो चम्मच लें और फिर उसमे सेंधा नमक आधा चम्मच मिला दें। इस मिक्सचर को चेहरे पर लगाएं और दस मिनट के लिए छोड़ दें। फिर हल्के गुनगुने पानी से फेस को धो लें। शहद एंटीबैक्टीरिया का काम करेगा तो वहीं नमक की मदद से सारे पोर्स क्लीन हो जाएंगे और स्किन काफी सॉफ्ट नजर आने लगेगी।

**बनाएं नेचुरल स्क्रब :** चेहरे के साथ ही गर्दन, पीठ, हाथ और पैर की स्किन पर जमा डेड स्किन को हटाने के लिए सेंधा नमक की मदद से नेचुरल स्क्रब तैयार किया जा सकता है। बस नारियल का तेल करीब एक चौथाई कप लें और उसमे आधा कप सेंधा नमक मिलाकर घोल लें। अब इस मिक्सचर को हाथ-पैर और बॉडी पर लगाएं। इस नेचुरल बॉडी स्क्रब से ना केवल डेड स्किन क्लीन हो जाएंगे, बल्कि स्किन बिल्कुल सॉफ्ट बनेगी। साथ ही पोर्स भी क्लीन होंगे।

कार्नर न्यूज

## ट्रैवलिंग के दौरान महिलाओं को तरह-तरह की चीजों की पड़ती है जरूरत

## महिलाओं के हैंडबैंग में होनी चाहिए ये चीजें ट्रैवलिंग के दौरान खूब आएंगी काम

*सफर के दौरान कई सारी बातों का ध्यान रखना होता है। खासकर जब आप एक सोलो ट्रैवलर हो। ऐसे में आपको अपने बैग में कुछ चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए। खासकर अगर आप महिला हैं और अपने ट्रिप को बिना किसी परेशानियों के पूरा करना चाहती हैं तो अपने हैंडबैग में कुछ जरूरी चीजों को शामिल करें। आईए हम बताते हैं कि ट्रेवलिंग के दौरान आपके हैंडबैग क्या चीजें होनी चाहिए। ट्रिप को आसान, सुरक्षित और ज्यादा मजेदार बनाने के लिए इन चीजों को बैग में जरूर शामिल करें।*



### बैंड-एड

बैंड-एड एक सरल लेकिन खूब काम आने वाली चीज है। ट्रैवलिंग के दौरान कभी भी कट, छाला, कीड़े का काटना या जूते से होने वाले छाले हो सकते हैं। ऐसे में अपने बैग में बैंड-एड रखने से आपको अपने घाव का इलाज तुरंत करने और संक्रमण को रोकने में मदद मिल सकती है।

### टिशू पेपर

टिश्यू एक जरूर चीज है जिसे आपको यात्रा के दौरान हमेशा अपने बैग में रखना चाहिए। ये कई चीजों के लिए इस्तेमाल हो सकती है। जैसे कि गंदगी साफ करना, अपने हाथ साफ करना, अपना मेकअप हटाना, या पसीना पोंछने के लिए।

### मल्टी पाउच मेकअप बैग

मेकअप न केवल आपकी सुंदरता को बढ़ाने का एक तरीका है, बल्कि खुद को प्रजेंट करने और आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने का भी एक तरीका है। चाहे आप काम के लिए या फिर घूमने के लिए ट्रैवल कर रहे हैं तो अपने लिए एक मल्टी पाउच मेकअप बैग जरूर रखें। मल्टी-पाउच मेकअप बैग में आप मेकअप, लोशन और टॉयलेटरीज को एक ही साथ रख सकते हैं। यह कॉम्पैक्ट होता है और साफ करने में आसान होता है।



### एक्सट्रा टैम्पोन या पैड

महिलाओं को अपने बैग में हमेशा एक्सट्रा टैम्पोन या पैड रखना चाहिए, अगर आपका पीरियड्स जल्दी या देर से आता है, तो ये काम आ सकते हैं।

### सेफ्टी पिंस

सेफ्टी पिन छोटी लेकिन बहुत काम आने वाली चीज है। ट्रैवल के दौरान आपके कपड़े कब फट जाएं या उनमें खराबी आ जाए इसका पता नहीं होता। एक सेफ्टी पिन कुछ ही सेकंड में ठीक करने में आपकी मदद कर सकती है।